


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 28 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-238 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### हमन कोनो मेर भी रहन अपन भाखा ला नई भूलान

**रायपुर,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राजभाखा दिवस के अवसर पर सीएम साय ने प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए छत्तीसगढ़ी में लिखा- जम्मो छत्तीसगढ़िया दाई-ददा, भाई-बहिनी मन ला छत्तीसगढ़ी राजभाखा दिवस के गाड़ा-गाड़ा बधई अउ सुभकामना. हमर मान, हमर सम्मान हरे, हमर छत्तीसगढ़ी राजभाखा. हमर भाखा म मया, दुलार अउ अपनत्व हे. हमन कोनो मेर भी रहन अपन भाखा ला नई भूलान. बता दें, छत्तीसगढ़ की बोली छत्तीसगढ़ी को साल 2007 में आज ही के दिन राजभाषा का दर्जा मिला था. 28 नवंबर 2007 को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग विधेयक को पारित किया गया था. इसके बाद से हर साल इस दिन को छत्तीसगढ़ी राजभाखा दिवस के रूप में मनाया जाता है.



### सुनील सोनी ने विधायक पद की ली शपथ

**रायपुर,28 नवंबर।** आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी ने विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई मंत्रीगण और विधायकगण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के बाद, विधायक सुनील सोनी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा। समारोह में विधायक राजेश मूणत, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।




### पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**बिलासपुर।** ACB-EOW द्वारा दर्ज नई FIR मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा को हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने FIR पर स्टे देने से इनकार करते हुए ACB को एक हफ्ते में जवाब पेश करने का आदेश दिया है। जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच अब इस मामले की अगली सुनवाई 2 हफ्ते बाद करेगी। पूर्व महाधिवक्ता ने रायपुर की ACB कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। रायपुर की ACB कोर्ट की जिला सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सतीश चंद्र वर्मा ने गंभीर मामला बताते हुए हाई कोर्ट में अपील की है।

# ये बात आप जयराम जी को भी बताइए

## जब राज्यसभा में प्रमोद तिवारी को जगदीप धनखड़ ने दी सलाह

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के बीच राज्यसभा की कार्यवाही के लगातार स्थगित होने के बाद, उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को हंगामा करने और ÷सार्थक बातचीत का अवसर÷ चूकने पर सांसदों को समझाया। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन की बैठक दोबारा होगी। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन के अंदर हुए हंगामे पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन उस रचनात्मक भागीदारी से चूक गया जो लोगों की सामूहिक आकांक्षा को प्रतिध्वनित करती। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के एक सवाल पर ÷हम आसन को कैसे मना सकते हैं? इसके जवाब में जगदीप धनखड़ ने ने कहा कि हम ऐतिहासिक रूप से नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानक का प्रदर्शन करके ही अध्यक्ष को राजी करते हैं। और जैसा कि मैंने कल संकेत दिया था, अध्यक्ष के फैसले से सम्मान पैदा होना चाहिए न कि चुनौती। सदन के महत्व और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर जोर देते हुए सभापति ने कहा, यह सदन सिर्फ बहस के सदन से कहीं अधिक है। हमारी राष्ट्रीय भावना यहीं से गूंजनी है। संसदीय व्यवधान कोई उपाय नहीं है, यह एक राग है, यह हमारी नींव को कमजोर करता है... हमें आपकी प्रासंगिकता बरकरार रखनी चाहिए। उन्होंने



सांसदों से राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए अर्थ संवाद में शामिल होने का भी आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि माननीय सदस्यों, जब हम इस प्रकार के आचरण में संलग्न होते हैं, तो हम संवैधानिक नियमों से भटक जाते हैं। हम अपने कर्तव्यों से मुंह मोड़ते हैं। राष्ट्रवाद को पोषित करना हमारा कर्तव्य है। मैं आप सभी से सार्थक संवाद की भावना को अपनाने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना का अपमान नहीं करना चाहिए। इसके तत्काल बाद कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने नोटिस खारिज किए जाने के बाद व्यवस्था का प्रश्न उठाया और अदाणी मुद्दे पर चर्चा की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यह बेहद गंभीर मुद्दा है और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। सभापति धनखड़ ने तिवारी से कहा कि उनकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी। प्रमोद तिवारी ने चेयरमैन की ओर इशारा करते हुए कहा कि सर आपके बिना तो पत्ता भी नहीं हिल सकता है। इस पर जगदीप धनखड़ ने टोकते हुए कहा कि यह बात आप जयराम रमेश जी को भी बताइए। वो मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैं वह सहमति देने के लिए तत्पर हूं। मगर कुछ नियम हैं।

# पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी

**मुंबई,28 नवंबर।** मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल रूम को गुरुवार को एक धमकी भरा कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की योजना बनाई गई थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, फोन करने वाले की पहचान एक महिला के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि महिला मानसिक रूप से परेशान है, लेकिन अधिकारी मानक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जांच आगे बढ़ा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध पर नज़र रखने के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रही है। पिछले साल जुलाई में भी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को इसी तरह की धमकी भरी कॉल आई थी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की चेतावनी दी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक, एक अज्ञात व्यक्ति ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर पर कॉल करके प्रधानमंत्री और यूपी सीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। फोन करने वाले ने कथित तौर पर देश में 26/11 जैसा हमला करने की भी धमकी दी थी।

# परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण



**मुंबई,28 नवंबर।** आईएनएस अरिघाट से परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इस तरह की जानकारी सामने आ रही हैं। सूत्रों ने बताया कि भारत ने हाल ही में कमीशन की गई परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट से परमाणु-सक्षम पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का परीक्षण किया है, जिसे 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन किया गया है। सूत्रों ने बताया कि विशाखापत्तनम के तट पर हुए इस परीक्षण में च-4 मिसाइल शामिल थी, जो एक ठोस ईंधन वाली SLBM है।

अगस्त में भारतीय नौसेना में कमीशन किए गए INS अरिघाट से च-4 मिसाइल का यह पहला परीक्षण था। पिछले कई वर्षों में च-4 का परीक्षण अब तक केवल सबमर्सिबल पोंटून से ही किया गया है। भारत ने 27 से 30 नवंबर के बीच 3,490 किलोमीटर के उड़ान गलियारे पर मध्यम दूरी की मिसाइल के परीक्षण के लिए एयरमेन को नोटिस और सार्वजनिक चेतावनी जारी की थी। सूत्रों ने बताया कि परीक्षण के परिणामों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मिसाइल ने अपने परीक्षण मापदंडों और उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया या नहीं। K-4 मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने देश की परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों को हथियारबंद करने के लिए विकसित किया है। अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों के पास पहले से ही 5,000 किलोमीटर से ज़्यादा रेंज वाली SLBM हैं।

6,000 टन की INS अरिघाट भारत की नवीनतम परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी है, जो देश की दूसरी-हमलावर क्षमता को मज़बूत करती है। पहली परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी, INS अरिहंत, जिसे 2016 में सेवा में शामिल किया गया था, सिर्फ़ 750 किलोमीटर की रेंज वाली च-15 मिसाइलों से लैस है। इनमें से तीसरी पनडुब्बी, जिसका विस्थापन 7,000 टन होगा, मौजूदा दो पनडुब्बियों से बड़ी और ज़्यादा सक्षम होगी। इसे अगले साल शामिल किए जाने की संभावना है।





# ओवरटेक के चक्कर में पिकअप की चपेट में आए 3 युवकों की मौत

**पिथौरा,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सराईपाली बसना में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. नेशनल हाईवे पर छुईपाली टोल नाका के पास तीन बाइक सवार युवकों को तेज रफतार पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना मिलने पर बसना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर तीनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक बसना थाना अंतर्गत गांव के रहने वाले थे. तीनों एक ही बाईक पर सवार थे और पिकअप वाहन को ओवर टेक कर आगे निकल रहे थे. इसी दौरान पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गई और बाइक पर सवार तीनों युवक इसकी चपेट में आ गए. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

# सड़क दुर्घटना में दो इंजीनियरों की मौत पर बीमा कंपनी को देना पड़ेगा सवा दो करोड़

**बिलासपुर,28 नवंबर।** सड़क दुर्घटना में मृत दो इंजीनियरों के मामले में सुनवाई करते हुए जिला कोर्ट ने बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को मृत इंजीनियरों के आश्रितों को बतौर क्षतिपूर्ति दो करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। मृत इंजीनियरों का मासिक वेतन डेढ लाख रुपये से अधिक था। यह फैसलाअष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अनिल प्रभात मिंज के कोर्ट ने सुनाया है। 28 फरवरी 2021 को बाराद्वार जिला जांजगीर-चांपा में दो इंजीनियरों सासनापुरी पावनी व विक्रम इंद्रजीत की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। क्षतिपूर्ति राशि के लिए दायर परिवाद में बताया है कि इंजीनियर सासनापुरी पावनी आंध्रप्रदेश के निवासी थे। वे अपने इंजीनियर दोस्त विक्रम इंद्रजीत, अलबल और बीरेन्द्र प्रसाद सिंह के साथ बोलेरो में सवार होकर जशपुर से बिलासपुर विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे।शाम तकरीबन 4.10 बजे ग्राम जेठा थाना बाराद्वार जिला जांजगीर-चांपा पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। सासनापुरी व विक्रम इंद्रजीत की मौत हो गई। सासनापुरी लोकनाधम ब्लूम कंसलटेंट कंपनी गुरुग्राम शाखा जशपुर में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्य कर रहे थे। वे एक लाख 99 हजार 800 आय अर्जित कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। पत्नी की ओर से पेश परिवाद की सुनवाई के बाद कोर्ट ने बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को राशि जमा करने का आदेश पारित किया है।बता दें कि इसी सड़क दुर्घटना में साथी इंजीनियर विक्रम इंद्रजीत की मृत्यु हो गई थी। विक्रम इंद्रजीत निवासी झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा (झारखंड) ब्लूम कंसलटेंट कंपनी गुरुग्राम शाखा जशपुर में सिविल इंजीनियर के पद पर थे। परिवार के मुताबिक वे एक लाख 32 हजार 300 आय अर्जित कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। कोर्ट में पत्नि, दो नाबालिग बच्चे, और पिता की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया गया।

### दो बाइकों में टक्कर, 1 की मौत

**रायगढ़,28 नवंबर।** रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कंचनपुर के एनटीपीसी कॉलोनी पास सालीमार जाने वाली सडक में 2 बाईक सवार में जबरदस्त भिड़ंत हुई , घटना में 1 युवक की मौत हो गई है 1 अन्य घायल हो गया है। बाईक में सवार होकर एनटीपीसी कॉलोनी शालीमार रोड में निर्माणधीन FCI गोदाम की तरफ जा रहा था उसी समय अन्य मोटरसाइकिल CG 13 B 3054 से सवार उसी रास्ते से आ रहा था.।

# ट्रैक्टर पलटने से 2 लोगों की मौत

**महासमुंद,28 नवंबर**। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो लोगों को गंभीर चोट आई है। आनन फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, घटना पटेवा थाना क्षेत्र का है। जहां NH-53 पर रायतुम के पास एक ट्रैक्टर पलट गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में 6 लोग सवार थे। जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# प्रियंका गांधी ने सांसद के रूप में शपथ ली

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** केरल के वायनाड से जीतने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली और केरल कसावु साड़ी पहनी, जो मलयाली उत्सवों में आम तौर पर सुनहरे बॉर्डर वाली एक प्रमुख ऑफ-व्हाइट साड़ी होती है। उनकी पोशाक वायनाड में सक्रिय रूप से काम करने का एक सूक्ष्म संकेत लग रही थी। हाथ में संविधान की किताब लिए 52 वर्षीय प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और संसद में बैठे सांसदों की मौजूदगी में शपथ ली। उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और उनके बच्चे, और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे निचले सदन की गैलरी में मौजूद थे। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा में प्रवेश के साथ, संसद में अब दशकों में पहली बार गांधी परिवार के तीन सदस्य हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी



जहां लोकसभा में बैठेंगे, वहीं उनकी मां सोनिया गांधी 2024 के लोकसभा चुनावों में रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ने का विकल्प चुनने के बाद राज्यसभा में हैं। वायनाड और रायबरेली दोनों से जीतने वाले राहुल गांधी ने अपने पारिवारिक गढ़ को बरकरार रखने का फैसला किया और वायनाड को खाली कर दिया, जिसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा को वहां से मैदान में उतारा गया।

### बेनिफिकेशन से नीचे गिरा कर्मचारी, हालत गंभीर

**बिलासपुर,28 नवंबर।** बिलासपुर के पारा घाट स्थित राशि स्टील एंड पावर प्लांट में हादसा हो गया है. यहां बेनिफिकेशन से कर्मचारी नीचे आ गिरा, गिरने से कर्मचारी को काफी चोटे आई है और वह गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया है,अपोलो में युवक का इलाज किया जा रहा है. आपको बता दे इससे पहले भी प्लांट में कई बार हादसा हो चुके है. घायल कर्मचारी मूलचंद साहू राशि प्लांट में बेनिफिकेशन इंचार्ज के पद पर कार्यरत है. राशि प्लांट में सेफ्टी की मांग को लेकर कई बार वर्करों द्वारा हड़ताल भी किया जा चुका है. बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यही वजह है कि प्लांट में हादसों का सिलसिला जारी है.

# हमारी लड़ाई अटल है, अविराम है: सोरेन

**रांची,28 नवंबर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले कहा कि एकता राज्य में लोगों का सबसे बड़ा हथियार है और उन्हें न तो विभाजित किया जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है। झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि हमें न तो विभाजित किया जा सकता है और न ही चुप कराया जा सकता है। जब भी वे हमें पीछे धकेलते हैं, हम आगे बढ़ जाते हैं।



हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा चुनाव हारने वाले भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन पर भी कटाक्ष करते हुए कहा जब भी वे हमें चुप कराने की कोशिश करते हैं, हमारी विद्रोह, क्रांति की आवाज तेज हो जाती है क्योंकि हम झारखंडी हैं और झारखंडी झुकते नहीं हैं। झामुमो नेता मोरहाबादी मैदान में एक समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे, जिसमें एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सहित कई शीर्ष राजनीतिक नेता शामिल होंगे। कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है, जो न्याय के लिए झारखंडी लोगों के सामूहिक संघर्ष और बिरसा मुंडा और अमर शहीद जैसे क्रांतिकारियों के आंदोलन को आगे बढ़ाने वाली अबुआ (स्वशासन) सरकार का जश्न मना रहा है, जिसके लिए उन्होंने वोट दिया था। उन्होंने आपका हेमंत के रूप में हस्ताक्षर करते हुए कहा कि आज का दिन राजनीतिक जीत का नहीं है, आज का दिन सामाजिक न्याय के लिए हमारे संघर्ष को दोहराने का है, सामाजिक एकता को मजबूत करने की दैनिक लड़ाई का है। आज का दिन हमें ये भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन राजनीतिक जीत के बारे में नहीं है, आज का यह दिन हमारी सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की हर रोज़ लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है। आज का यह दिन यह भी बताता है की लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। आज़ हर गांव, हर शहर में एक आवाज़ गूंज रहा है - अधिकार, समानता, एकता मतलब झारखंडियत की आवाज।

### 25 लाख के इनामी नक्सली की हत्या

**बलरामपुर,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में कुख्यात नक्सली को उसके ही साथियों ने मौत के घाट उतारा है. मृतक छोटू खैरवार 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली था और वह बलरामपुर में कई नक्सल वारदातों में शामिल रहा है. उसका शव झारखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के भीमगांव जंगल से बरामद किया गया है.




# मिट्टी में मिट्टी बनकर अन्न उपजाने का कार्य यदि कोई करता है वह है भुइया के भगवान किसानःखेमलाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 28 नवंबर।** पाटन विधानसभा के अंतर्गत वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित फेकारी,पाटन,पंदर एवं बोरिद में राज्य सरकार द्वारा नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारीयों का पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें फेकारी सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी पारखत साहू, पाटन सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी नागेंद्र कश्यप ,पंदर सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी संतोष वर्मा, एवं बोरिद सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी संतोष घिरवानी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेमलाल साहू अध्यक्ष मध्य मंडल पाटन, विशिष्ट अतिथि लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल पाटन, पोसूराम निर्मलकर पूर्व मंडी सदस्य, दिव्या कलिहारी अध्यक्ष जिला महिला मोर्चा, हरिशंकर साहू महामंत्री मध्यमंडल पाटन,योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत पाटन,होरीलाल देवांगन अध्यक्ष नगर भाजपा पाटन, मीरा बंछोर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, केवल देवांगन उपाध्यक्ष जिला युवा मोर्चा , कुणाल शर्मा अध्यक्ष मध्यमंडल युवा मोर्चा,महेश्वर बंछोर, कोहिनूर बन्छोर सरपंच



ग्राम पंचायत बोरिद , आशिष बन्छोर सरपंच दरबारमोखली की उपस्थिति में पदभार ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर खेमलाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता,भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने जो जो विकसित छत्तीसगढ़ के जो स्वपन देखे थे उनको पूर्ण करने का कार्य भजपा की विष्णु देव की सरकार कर रही हे। अन्नदाता के आय मे वृद्धि हो उनकी आय दुगुनी हो केंद्र मे नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से प्रत्येक वर्ष छः हजार रुपये का सम्मान राशि प्रदान कर रहे हैं। मिट्टी मे मिट्टी बनकर अन्न उपजाने का कार्य कोई करता है तो वह है हमारे अन्नदाता भुईया के भगवान किसान है,जो दिन रात कठोर काम कर हम सबके के लिए अन्न के रूप मे भोजन पैदा करते हैं। इस अवसर पर टामन साहू प्राधिकृत अधिकारी सेलूद, दानीराम वर्मा प्राधिकृत अधिकारी कुर्मीगुंडरा, ज्योतिप्रकाश साहू,नेहरू साहू,डुनेश्वर साहू,देवेंद्र साहू,किशनलाल साहू,केजूराम साहू,खोरबाहरा साहू,संतलाल कोड़प्पा,भूपेंद्र राजू वर्मा, शिवकुमार साहू,योगेंद्र साहू,सोहन साहू,कुंदन साहू,पुष्कर साहू,लक्ष्मण निर्मलकर, वेदप्रकाश नन्हा वर्मा, भाष्कर वर्मा,आदित्य सावर्णी,अनिकेत मिश्रा, योगेश्वर वर्मा,लोकेश्वर नायक,केदार यादव,घणाराम,कमलेश कश्यप,भगतराम,मनीष बिजौरा, सुनील वर्मा,हिरासिंह वर्मा, राजेंद्र वर्मा,बलवंत वर्मा,रामाधार वर्मा,वेदनारायन,जयप्रकाश साहू,महेंद्र वर्मा,संजय,लोकेश वर्मा, लक्ष्मण वर्मा,अशोक नायक,ध्रुव वर्मा,पवन वर्मा,टिकेंद्र यादव,हीरामन कौशिक,सुरेंद्र मढ़रिया,फुलसिंह,थानसिंह, घनश्याम साहू, रमेशर साहू, मंजू वर्मा,रेवती वर्मा,दौआराम, कृष्णकुमार,हेमंत निर्मलकर,नंदकुमार बन्छोर, गोवर्धन बंछोर,जशवंत बन्छोर, भूपेंद्र जांगड़े,चेतन जांगड़े एवं समिति के पर्यवेक्षक, प्रबंधकगन, कर्मचारियों सहित किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## एक नजर

### लूट के आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत एक युवक का मोबाइल छीनने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि सोमेश साहू 18 वर्ष निवासी मकान नम्बर ई. 78 बिजली नगर कबीर पान ठेला के पीछे थाना पुरानी भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 26 नवंबर को अपने घर में मोबाइल चला रहा था। इंटरनेट स्लो चलने से घर से बाहर निकलकर बस स्टॉप के पास आकर बैठ गया। रात्रि करीब 10 बजे एकता नगर की ओर से दो अनजान लड़के उसके पास आए और कॉल करने के लिए मोबाइल मांगे प्रार्थी मोबाईल नहीं दूंगा कहकर अपने घर जाने के लिए जैसे ही मुड़ा तो दोनों लड़के प्रार्थी के हाथ से उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल झपटकर भाग निकले। भागते समय मोबाइल रखा लड़का डिवाइडर पर रूक गया। पीछे भाग रहा लड़का रोड पार करने लगा जो भिलाई से दुर्ग की ओर जाती गाड़ी से टकरा कर गिर गयाए शरीर में चोटें आई। प्रार्थी ने दौड़कर उसे पकडा और तत्काल मौके पर 112 वाहन भी पहुंच गया पकड़े गए आरोपी से उसका नाम पूछने पर अपना नाम दीपक कुमार भारती 19 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास डबरापारा थाना पुरानी भिलाई तथा मोबाइल झपटकर भागने वाले साथी का नाम एसण् वंशी उर्फ राकी बताया। आरोपी के साथी वंशी उर्फ रॉकी 21 वर्ष निवासी शीतला मंदिर के पास बालाजी नगर खुर्सीपार की तलाश की गई जिसके मिलने पर पूछताछ कर आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का ओप्पो कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया ।

### अश्लील वीडियो की धमकी, गिरफ्तार



**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई इंस्टाग्राम में दोस्ती कर धमकी देते हुए वीडियो फेटो वायरल करने वाले एक आरोपी को सुपेला पुलिस ने अनूपपुर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 67 (ए) आईटी एक्ट एवं 351(2) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है सुपेला टी राजेश मिश्रा ने बताया कि पीड़िता निवासी संजय नगर सुपेला ने 22 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी की आरोपी घनश्याम सिंह 21 वर्ष निवासी अनूपपुर इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील वीडियो फेटो वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता के भाई के मोबाईल नंबर पर भेज कर वायरल किया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया इस मामले को संज्ञान मे लेते हुए थाना सुपेला व एसीसीयू की संयुक्त टीम गठित की। इसी दौरान मुखबीर से मिली कि आरोपी अनुपपुर में ही लुक -छिप कर रह रहा है सूचना के आधार सुपेला पुलिस एवं एसीसीयू की टीम तत्काल अनूपपुर पहुंचकर आरोपी घनश्याम सिंह निवासी भमरहा अनूपपुर मप्र को पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया ।

### डेढ़ किलो गांजा सहित युवक पकड़ाया



**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई अवैध रूप से गांजा बेचने वाले एक आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 1.460 कि.ग्रा. गांजा बरामद किया है जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर तिरंगा चौक छावनी बस्ती में आरोपी कल्याण वर्मा (34 साल ) तिरंगा चौक छावनी बस्ती के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 1.460 कि.ग्रा तथा गांजा बिक्री की नगदी रकम 3910 रू., 1 नग एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिस एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में ली है।

### नई दिल्ली में पतंजलि योग रत्न सम्मान से सम्मानित हुए शिशिर



**पाटन।** भारत की प्रसिद्धि प्राप्त योग संस्थान में एक अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में देश की राजधानी नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ़ इंडिया के डिप्टी स्पीकर सभागार* में 24 नवंबर रविवार को आयोजित हुए सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के युवा योगाचार्य शिशिर कुमार साहू को विश्व प्रसिद्धि प्राप्त प्रधान-योगाचार्य स्वामी अमित देव महाराज, राजर्षि आचार्य पवन दत्त मिश्र महाराज, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पीआरसीबी डॉ0 एस0पी0 मिश्रा, मुरारजी देसाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ योग के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी योग थेरेपी आई0 एन0 आचार्य, योग गुरु मंगेश त्रिवेदी, सहित वरिष्ठ भाजपा राजनेता नितिन पाठक की उपस्थिति में महर्षि पतंजलि योग रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।

## मानस दर्शन जीवन अर्पण का एक दिसंबर को उतई में रामकथा,मानस संगोष्ठी व दीपावली मिलन समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 28 नवंबर।** मानस दर्शन जीवन अर्पण द्वारा एक दिसंबर को उतई में कालिका मंच पर संगीतमय मानस संगोष्ठी सह दिपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है । आयोजन में मानस वक्ता के रूप में नीलकंठ ठाकुर बोरिद,चैतराम साहू छावनी, रामराजेश साहू अहिवारा,पुरुषोत्तम सिंह राजपूत बेलमांड,पिलाराम शर्मा कपसदा उपस्थित रहेंगे। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में दीपक गुहा संस्थापक मानस दर्पण जीवन अर्पण,अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राज मानस संघ धमतरी,जगदीश देशमुख अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़,गोपाल राम वर्मा पूर्व अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान,नारायण लाल साहू मां कौशल्या मानस संघ रायपुर, मुन्ना लाल देवदास राजीवलोचन मानस संघ गरियाबंद,झाल सिंह पटेल संयोजक रामकथा सत्संग,आत्माराम साहू कवि,देवलाल सिन्हा अध्यक्ष जिला मानस संघ बेमेतरा, गुप्तेश्वर बघेल संयोजक केशकाल कोंडागांव, मेहतर राम वर्मा अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग,टीकाराम वर्मा अध्यक्ष तहसील मानस



संघ पाटन,धनुष यादव अध्यक्ष तहसील मानस संघ दुर्ग,श्रीमति नूतन दीदी आशीर्वादक मानस दर्शन,मणिराम ठाकुर बलौदाबाजार जिला मानस संघ उपस्थित रहेंगे। आयोजन में भक्ति संगीत स्वरांजली मानस परिवार तुमाकला, ? आदित्य मानस परिवार रिसाली,तुलसी के संदेश महिला मानस मंडली बोरेंदा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति ने नगर में इस आयोजन के लिए डिकेंद्र हिरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत उतई, रविन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत उतई,ताराचंद साहू संचालक जय अंबे साड़ी सेंटर, पार्षद प्रहलाद वर्मा, भीमसेन सिन्हा, श्रीमति दीपमाला देशलहरे,सतीश चंद्राकर सहित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जनपद सदस्य हाल फिलहाल पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय सतीश पारख ,दीपशिखा विद्यालय के प्राचार्य के आर सिन्हा का अग्रिम आभार व्यक्त किया है।उतई ने आयोजन की सफलता हेतु संकल्पित मानस प्रेमियों में के के सिन्हा,हितेंद्र साहू,संतोष विनीता ढीमर,श्रीमति नूतन साहू,श्रीमति सरस्वती साहू संहित क्षेत्र के मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार के साथी शामिल है। आयोजन में क्षेत्र के सभी मानस प्रेमियों एवम रसिकों को सादर उपस्थिति दर्ज करा आयोजन की सफलता में योगदान प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

## संविधान दिवस मनाया गया



**कवर्धा, 28 नवंबर।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वधान में संविधान दिवस के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को भारत की संविधान की जानकारी दी गयी। नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद ने कार्यक्रम की रूप रेखा की जानकारी सभी को दिया। प्राध्यापक उमेंश पाठक सहायक ने संविधान के बनने के इतिहास के बारे में सभी को जानकारी प्रदान कर संविधान उद्देशिका का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में सनत देवागन, योगेश ध्रुव, टीकम नवरंग,कोमल मिश्रा, और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक पुनीराम यादव उपस्थित थे।

## युवाओं का गुटखा और शराब का सेवन करना चिंताजनक,लोगों की राय





**कवर्धा, 28 नवंबर।** बिजनेसमैन करण दास बंजारे , किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी , लक्ष्मन पांडेय ने कहा की युवाओं को समझना होगा की गुटखा और शराब से कैंसर ओर बहुत सारी बीमारी हो सकता है इसलिए गुटखा और शराब का सेवन ना करे । नशा कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील की । खासकर पोहा , समोसा और पूरी बेचने वाले ओर सरकारी कार्यालयों से कुछ दूरी पर सिगरेट , गुटखा मिलती है जो की चिंताजनक है ।

## सेवक बनकर लोगों की सेवा करता रहूंगा :रवि चंद्रवंशी



**कवर्धा, 28 नवंबर।** सुबह सुबह किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी ने चर्चा करते हुए कहा की किसान , गरीब , मजदूर उन लोगो की बातों को शासन प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने के लिए ओर उनकी छोटी छोटी समस्याओं जैसे बिजली बिल , राजस्व ओर विभिन्न छोटी छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सेवक बनकर उनकी सेवा करना है क्योंकि वर्तमान समय में विधायक , सांसद, मंत्री , मुख्यमंत्री से लेकर पीएम तक भाजपा की है जो की जनता की छोटी छोटी समस्याओं से दूर हो गए है । इसलिए जनता के बीच जनप्रतिनिधि बनकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा खेलेंगे अनुरूप लोगों की सेवा करता रहूंगा । जिला पंचायत चुनाव लड़ने के सवाल पर किसान कांग्रेस नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा की कांग्रेस पार्टी जो दिशा निर्देश देगी उसका पालन किया जाएगा ।

## जल जीवन मिशन की अनूठी सफलता हर घर जल से समृद्ध हुआ पचराही में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 नवंबर।** हर घर तक स्वच्छ पीने का पानी पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय जल जीवन मिशन योजना अब ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के तहत महिलाओं की तकलीफें कम हुई हैं, और उनके जीवन में नया सुकून देखने को मिल रहा है।छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत बोदा-3 के अंतर्गत आने वाला ग्राम पचराही, जो विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की बहुलता वाला क्षेत्र है, अब जल समृद्धि का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। वनांचल क्षेत्र में स्थित इस गाँव में अब हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

### हर घर जल प्रमाणीकरण ने दी नई पहचान

24 अक्टूबर 2024 को पचराही में आयोजित ग्राम सभा के दौरान गाँव को ÷हर घर जल ग्राम÷ के रूप में प्रमाणित किया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पानी समिति और सभी ग्रामीणों ने भाग लिया। सरपंच द्वारा गाँव को ÷हर घर जल÷ घोषित करने के बाद, ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संतोष और गर्व का अनुभव किया। इस योजना के तहत 68 लाख रुपये की लागत से इस लक्ष्य को प्राप्त किया गया। ग्राम के 72 परिवारों तक स्वच्छ



पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह पहल ग्रामीण जीवन में एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। पहले जहाँ महिलाओं को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी, अब घर पर ही स्वच्छ जल की उपलब्धता ने उनके जीवन को सरल और आरामदायक बना दिया है।

### स्वास्थ्य, स्वच्छता और समय की बचत

हर घर जल योजना के कारण गाँव में न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा मिला है, बल्कि पानी के लिए होने वाले संघर्ष को भी समाप्त कर दिया गया है। इस योजना ने महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से राहत दी है। अब महिलाएँ अपना समय अन्य उत्पादक कार्यों में लगा सकती हैं, और बच्चों को स्वच्छ पानी मिलने से उनकी स्वास्थ्य समस्याएँ भी कम हुई हैं।

### ग्रामवासियों ने व्यक्त किया आभार

पचराही के निवासियों ने इस पहल के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्रामवासियों का मानना है कि यह योजना उनके जीवन स्तर को सुधारने में एक मील का पत्थर साबित हुई है। अब यह गाँव अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है।

### हर घर में जल, स्वस्थ जीवन का बल

जल जीवन मिशन के माध्यम से पचराही में आई यह क्रांति सरकार की प्रतिबद्धता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। यह पहल केवल पानी की समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर जीवन का भरोसा भी दिलाती है। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर की मॉनिटरिंग में उप अभियंता टोमन कुंजाम लगातार फील्ड का दौरा कर जल जीवन मिशन योजना की सफलता के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हमेशा सक्रिय रहती है ।

### हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है, यह हृदय को छूती है : कृष्णकुमार



**भिलाई, 28 नवंबर।** वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक-1 स्थित विद्युत संगठन के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन विभाग प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्णकुमार के मुख्य आतिथ्य तथा महाप्रबंधक प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक टी. के. कृष्णकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है, यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाएँ, संस्कृत पर आधारित हैं, केवल लिपि का अंतर है, अतः हमें सभी समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में करना चाहिए। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी रंजन कुमार पंडा ने बताया कि सांविधिक प्रावधानों का पालन करते हुए विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है। सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वयं प्रकाश गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक, द्वितीय पुरस्कार मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी, महाप्रबंधक, तृतीय पुरस्कार एच. आर. सिरमौर, महाप्रबंधक तथा प्रोत्साहन पुरस्कार बेन्सी जॉर्ज, महाप्रबंधक, जे.के. पाणिग्रही, महाप्रबंधक ने प्राप्त किया।

## प्रधान पाठक के प्रयास से शासकीय स्कूल चंगोरी को मिला माइक सेट

**पाटन, 28 नवंबर।।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी विकासखंड-पाटन के प्रधान पाठक विरेन्द्र कुमार साहू (शिक्षादूत) ने नई पहल करते हुए समुदाय से विद्यालय को माइक सेट दिलवाया। चम्पा लाल जगदीश सोनी पाटन दुर्ग के द्वारा पुरा माइक सेट प्रदान किया गया। प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू बताते हैं कि माइक सेट मिलने से बच्चों के अंदर अभिव्यक्ति कौशल का विकास, बच्चों में आत्मविश्वास में वृद्धि,आदि कौशलों का विकास हो रहा है। विद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों लिए माइक सेट का उपयोग किए जा रहा है जिसमें सभी बच्चे अपनी सहभागिता दे रहे हैं। संस्था के प्रधान पाठक के द्वारा पूर्व में भी सामुदायिक सहभागिता से मां सरस्वती की मंदिर निर्माण, किचन गार्डन निर्माण एवं घेराबंदी, विद्यालय की भौतिक संसाधनों में वृद्धि, दरी, पंखा, लाइट, निशुल्काई, बेल्ट, कापी कंपास, बच्चों एवं विद्यालय की विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रधान पाठक के इस सराहनीय प्रयास (माइक सेट ) मिलने से ग्राम के सरपंच श्रीमती यामिनी वर्मा, शाला विकास समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं बच्चों में हर्ष का माहौल है ।



## पीएम आवास योजना-2 रैपिड एसेसमेंट सर्वे10 दिसम्बर तक

भिलाई, 28 नवंबर। आवास हेतु रैपिड एसेसमेंट सर्वे काय्र 15 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए निगम के सभी पांच जोन कार्यालय में शिविर लगाया जा रहा है। जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। बीएलसी हितग्राही जिनके पास स्वयं का जमीन, भूखण्ड पटटा है, पैसे की कमी के कारण अपना पक्का मकान निर्माण नहीं कर पा रहे है उनके लिए यह योजना बहुत उपयोगी है। प्रथम फेस में कुल 5120 मकान का आबंटन स्वीकृत हुआ था। जिसमे से 4929 मकान पूर्ण हो गया है हितग्राही अपने मकान में निवास कर रहे है। वर्तमान में 191 मकान निर्माणाधीन है, प्रथम फेस में 15.08.2015 तक का लिया गया था। द्वितीय फेस 17.09.2024 विश्वकर्मा पूजा के दिन मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारंभ किया गया। सर्वे के लिए आवश्यक दस्तावेज 1. लाभार्थियों को निर्धारित कट ऑफ तिथि 31.08.2024 से पूर्व निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत होने का दस्तावेज। 2. देश में कहीं भी स्वयं का मकान नहीं होना चाहिए, इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र



प्रस्तुत करना है। 3. परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम होना चाहिए। 4. भूमि स्वामित्व दस्तावेज पट्टा/रजिस्ट्री/आबादी पटटा प्रमाण पत्र। अन्य आवश्यक वैकल्पिक दस्तावेज 1. दिव्यांग हो तो 2. वरिष्ठ नागरिक हो तो 3.शासन की अन्या योजना से लाभ संबंधी दस्तावेज 4. बीपीएल राशन कार्ड परिवार का। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पीएम आवास योजना 2.0 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए किये जा रहे प्रयास- 1. सभी जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है। 2. सभी वार्डो में मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। 3. सभी वार्डो में डोर-टू-डोर सर्वे कार्य के लिए आवेदन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज लिया जा रहा है। 4. निगम भिलाई क्षेत्र में पीएम आवास 2.0 के आवेदन की प्रक्रिया हेतु पम्पलेट का वितरण एवं चस्पा किया जा रहा है। 5. होर्डिंग बोर्ड, फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर के माध्यम से सभी क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस के तहत किरायेदार के रूप में निवासरत हितग्राहियों को अब तक 1281 आवास का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जा चुका है। मोर मकान-मोर चिन्हारी के तहत ऐसे हितग्राही जिनका मकान सड़क, नाली, नहर निर्माण आदि से प्रभावित हुए है। ऐसे हितग्राहियो को 540 मकान का आबंटन किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत किरायेदार के रूप में निवासरत है, उन सभी परिवारों को आवास पाने का सुनहरा मौका है। इसके लिए जल्द ही नगर निगम भिलाई सुपेला मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक 16 आवास शाखा में संपर्क कर आवेदन शुल्क 100 रुपये के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवास के लिए आवश्यक दस्तावेज 1. 31 अगस्त 2015 से पूर्व निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत होना आवश्यक है। 2. भारत में कहीं भी स्वयं का मकान नहीं होना चाहिए, इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्रस्तुत करना है। 3. परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम होना चाहिए। आवेदन के साथ उक्त दस्तावेज जमा करने के उपरांत हितग्राही को आवास आबंटन के लिए केवल 10 प्रतिशत हितग्राही अंशदान जमा करना होगा। जो परिवार आवेदन जमा कर चुके है और जिनका सूची में नाम है, उन आवेदकों को आवास आवंटन की लॉटरी में शामिल किया जाएगा।

## कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए कर्मचारी



**भिलाई, 28 नवंबर।** सेल- भिलाई इस्पात सयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। तुलाराम बेहेरा ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित, इंजीनियरिंग एसोसिएट भारद्वाज राणा एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट देवल सिंह भुआर्या को सितंबर 2024 के लिए, कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया।

## एक नजर

### बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास अनिवार्य हो: वैष्णव



**राजनांदगांव 28 नवंबर।** पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के चतुर्थ घर वर्ष के छात्रों द्वारा ग्राम धामनसारा के आँगनबाड़ी के बच्चों के साथ उनके शारीरिक विकास एवं मानसिक विकास कोशल को बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों के साथ समय व्यतीत किया जिसके तहत बच्चों के साथ खेल, चित्र लेखन तथा शिक्षा लेखन किया गया जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया इस कार्यक्रम में सम्मिलित छात्र/छात्रा तुषार, भूपेंद्र, लेदीप्य ,विवेक, दुष्यंत, राहुल, डिलेंद,दीपा ,नंदलाल, ओंकार, रामकरण, बिट्टू, मिली, विनीता, वंदना,प्रणय, भूपेंद्र राणा, शामिल थे इस कार्यक्रम में योगेन्द्र दास वैष्णव द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### जामा मस्जिद में 30 नवंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर: रईस अहमद शकील



**राजनांदगांव 28 नवंबर।** जामा मस्जिद के अध्यक्ष एवं दिग्विजय कालेज जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रईस अहमद ने बताया कि सर्व समाज के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 30 नवंबर शनिवार सुबह 11:00 बजे से दोपहर 4:00 तक स्थान जामा मस्जिद, बसंतपुर थाना राजनांदगांव के बाड़े में किया जा रहा है। समाजसेवी रईस अहमद शकील के अनुसार इस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में जामा मस्जिद, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी एवं उदयाचल परिवार के संयुक्त तत्वाधान में में आयोजित है।जामा मस्जिद में लगाए जाने वाले इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में दंत रोग, नेत्र रोग, बीपी, शुगर, हृदय रोग तथा नाक, कान, गला रोग जांच एवं निदान हेतु निन्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है द्य इस शिविर में प्रसिद्ध डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे जैसे बीएम शाह हॉस्पिटल, भिलाई के डॉ. गौरव जैन और डॉ मिथिलेश शर्मा, श्वह्रञ्ज स्पेशलिस्ट एवं नेक सर्जन।इस अवसर पर जामा मस्जिद के अध्यक्ष रईस अहमद शकील ने समस्त आमजनों से अपील की है कि जाँच शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं ।

### प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता मैत्री प्रशिक्षित गौ सेवक संघ ने किया अपना कार्य बंद



**डोंगरगांव 28 नवंबर।** राज्य में पशु चिकित्सा विभाग में कार्याधारित मानदेय पर काम करने वाले प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, मैत्री और प्रशिक्षित गौ सेवक जो कि विभाग द्वारा प्रशिक्षण ले कर पिछले 25 वर्षों से विभाग में कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकारण, टीकाकरण, पशुसंगना, पशु चिकित्सक शिविर एवं विभाग की सभी गतिविधियों में काम करने वाले कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जन दर्शन में कलेक्टर सहित विभाग उपसंचालक को अपने काम बंद कर देने की सूचना दिए है और मासिक निश्चित मानदेय देने की बात किए है। कार्यकर्ताओं ने बताए है कि हम पिछले 25 वर्षों से विभाग में काम कर रहे है लेकिन आज तक हमें कभी समय में मानदेय नहीं मिला, यहां तक कि दीवाली जैसे प्रमुख त्यौहार में हमें पैसा नहीं मिल पाया। ऐसे में हम लोगों के परिवार का भरण पोषण नहीं हो सकता हम सब काम बंद कर रहे है और जब तक हमें एक निश्चित मासिक मानदेय नहीं मिलेगा तक तक विभाग का कोई भी कार्य नहीं करेंगे। आज एक मितानिन और पशु सखि को महीने का मानदेय मिलता है उससे कहीं ज्यादा हम लोग काम करते है तो हमे भी एक मासिक मानदेय दिया जाए तभी काम करेंगे नहीं तो आने वाले समय में अनिश्चित कालिन हड़ताल करेंगे। बता दे कि ये सभी कार्यकर्ता पशु चिकित्सा विभाग में कार्य करते है और ये लोग काम बंद कहेंगे तो विभाग का कार्य बाधित होगा, पशु नस्ल सुधार और पशु संगणना जैसे कार्य बहुत प्रभावित होगा जिसके कारण पशु पालक किसान को समय में अपने गाय में कृत्रिम गर्भाधान करवाने में काफी दिक्कत हो सकता है। विभाग उपसंचालक को सूचना देते समय पूनमचंद वर्मा, ओमकार साहू, धर्मेश साहू, टिकेश्वर साहू, खोलबहरा राम यदु, निकालेश निषाद, पूनमचंद, गजेंद्र साहू , वोमप्रकाश साहू, भीषन साहू एवं जिला के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् के भव्य मंच में लोक कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अपने करकमलों से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर को सम्मानित किया।

# संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि इसे समझें और इसका पालन करें: रमेन डेका

## संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल




**रायपुर, 28 नवंबर।** हमारा संविधान दुनिया का सबसे सुंदर संविधान है। दुनिया के 60 देशों के संविधान का अध्ययन कर हमारे संविधान का निर्माण हुआ है। संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि इसे समझे और इसका पालन करें। यह उद्गार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किया।

श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एवं कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित संगोष्ठी मे राज्यपाल श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। श्री डेका ने संगोष्ठी में भारत के संविधान के संबंध में अपने प्रासंगिक विचार रखे। उन्होंने संविधान की विभिन्न धाराओं के तहत उल्लेखित नियमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीते 75 वर्षो की यात्रा में बहुत चुनौतियां रही, इसलिए समय-समय पर संविधान में कई संशोधन किए गए जो देश की बदलती जरूरतों के अनुसार आवश्यक थे। किन्तु इन परिवर्तनों के बावजूद संविधान की मूलभावना, समानता, स्वतंत्रता और न्याय अक्षुण्ण रही। यह हमारे संविधान की अद्वितीय विशेषता है कि यह स्थिरता और लचीलापन दोनों का संतुलन बनाए रखता है। राज्यपाल ने कहा कि भाषण की स्वतंत्रता हमारे संविधान ने हमें दी है। लोकतंत्र में राजनीति का बहुत महत्व है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संविधान में प्रावधान किए गए है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को राजनीति में भागीदारी करना चाहिए। महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और सही निर्णय लेने की क्षमता तथा ज्ञान होना आवश्यक है जिससे महिलाएं सशक्त होंगी। संगोष्ठी में उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद देश आजाद हुआ और संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा बनाई गई। सभा के 284 सदस्यों ने संविधान के प्रारूप का अनुमोदन किया फिर 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया। मूल संविधान अंग्रेजी में था, छत्तीसगढ़ के श्री घनश्याम दास गुप्ता के नेतृत्व में उसका हिन्दी अनुवाद हुआ। यह हमारे लिए गर्व की बात है। श्री साव ने कहा कि आज भारत दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है इसका मूल कारण हमारा संविधान ही है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता ''हमारा संविधान भाव एवं रेखांकन'' तथा ''संविधान की जन्म कथा'' पुस्तकों के लेखक श्री लक्ष्मीनारायण भाला ने संविधान निर्माण के इतिहास को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने के सरकार के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री धनीराम पटेल ने दिया। इस अवसर पर बसना के विधायक श्री संम्पत अग्रवाल, श्री पवन साय, श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, एमडी डॉ. नीता नायक, संचालक डॉ. वीरेन्द्र पटेल, डॉ. नितिन पटेल,एवं अन्य अधिकारी, प्रबुद्धजन तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने किया मोहारा जल संयंत्र गृह का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर जलशोधन प्रक्रिया देख, नये फिल्टर प्लांट के साथ साथ पुराने फिल्टर प्लांट में भी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा नें कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री ईमरान खान के साथ जल संयंत्रगृह मोहारा का निरीक्षण कर संयंत्र की जानकारी ली। श्री रामटेके ने बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर तीन प्लांट क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट से प्रतिदिन 54 मीलियन लीटर पानी में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है। उन्होंने बताया की पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अमृत मिशन के तहत बने 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट का स्काडा सिस्टम देखा। नये प्लांट में मिशन से प्लांट प्रभारी अधिकारी श्री नीतिन पाटिल ने सिस्टम के प्रक्रिया की जानकारी दी तथा लेब निरीक्षण दौरान पानी टेस्ट की प्रक्रिया बताया। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि स्काडा सिस्टम को दुरूस्त रखा जाये और पुराने फिल्टर प्लांटों के भी स्काडा सिस्टम जल्द चालू किया जाये तथा शहर के पानी टंकियों मे लगे चीप को बदल कर नया चीप लगाया जाये, ताकि टंकी भरने की सही मापदण्ड की जानकारी मिल सके। इसके अलावा उन्होंने फिल्टर प्लांट में एलम, क्लोरिंन तथा अन्य आवश्यक समाग्री की पर्याप्त भण्डारण के निर्देश देते हुये कहा कि सभी मशीने चालू रहे, इसके लिये समय समय पर मशीनों की मरम्मत करायी जावे। इस अवसर पर उप अभियंता श्री युवराज कोमरे सहित जलसंयंत्र गृह का अमला उपस्थित था।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत

**डोंगरगढ़ 28 नवंबर।** मालवाहक ने दोपहिया वाहन को मुढ़पार मोड़ पर जबरदस्त ठोकर मार दी. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोपहिया वाहन में सवार दोनों युवको की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 27 नवम्बर के देर शाम लगभग 10 बजे रात में राजनांदगांव की ओर से डोंगरगढ़ की ओर दो युवक मोटर साइकिल क्र. सुपर स्प्लेन्डर छ्.त्न 24 रू2372 में सवार होकर आ रहे थे कि मुड़पार के अंधे मोड़ पर अज्ञात बड़े वाहन के द्वारा जबरदस्त ठोकर मार दी गई जिसके कारण दोपहिया सवार दोनों युवको की मौत मौके पर ही हो गई. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटर साइकिल सवार हेलमेट पहने हुए था जो दुर्घटना टुकड़ो में तब्दील हो गई और दोपहिया वाहन चकनाचूर हो गया. मृतक के पास पाए गए पहचान पत्र से पुलिस को ज्ञात हुआ कि एक मृतक का नाम राजू खोब्रागढ़े पिता तीजु खोब्रागढ़े उम्र 40 वर्ष निवासी मोहारा बजरंग वार्ड नं. 47 थाना बसंतपुर राजनांदगांव और दूसरे का युवराज यादव पिता शंकर यादव उम्र 21 लगभग थाना बसंतपुर राजनांदगांव के निवासी बताए गए है. परिजनों की शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतको का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है।

## समाचार संक्षेप

### कृषि विधर्थियों ने बताया ग्रीस बैंडिंग के उपयोग का तरीका



**रानांदगांव 28 नवंबर।** कृषि विधर्थियों द्वारा बताया गया ग्रीस बैंडिंग के उपयोग का तरीका तथा उसके लाभ..ग्राम धामनसरा मे पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्याला एवं अनुसन्धान केन्द्र, अधिष्ठिता महोदया डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में 21 नवंबर को क्रङ्खश्व के छात्रों द्वारा डॉ. मनोज चंद्राकर शिवाजी लिमजे के नेतृतव में किसान श्रीमती रोशनी वैष्णव के खेत में आम कि फसल को मैंगो मिली बग किट से बचाने के लिए ग्रीस बैंडिंग का प्रदर्शन कर उसके लाभ के बारे में बताया गया यह आम के पेड़ों के तनों पर चिपचिपा, गैर-विषाक्त मिश्रण (मिनरल ऑयल और वैक्स) लगाने की तकनीक है, जो कीटों को फँसाकर नष्ट करती है। यह आमतौर पर हॉपर्स, पत्ती जाल बनाने वाले कीट, फल मक्खी और स्केल कीटों को नियंत्रित करती है। पर्यावरण अनुकूल, गैर-विषाक्त, किफायती और सरल ग्रीस बैंडिंग फलों पर रासायनिक अवशेष कम करती है। इसे तने से 1-2 मीटर ऊपर, 10-15 सेमी चौड़ाई में लगाया जाता है और हर 2-3 महीने या भारी बारिश के बाद दोहराया जाता है। इसका सर्वोत्तम समय फूल आने से पहले (फरवरी-मार्च) और फल बनने के बाद (अप्रैल-मई) है।

### शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**मोहला 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर आंदोलन के पांचवे चरण में छत्तीसगढ़ संघर्ष मोर्चा जिला मोहला मानपुर अ.चौकी ने सांसद को ज्ञापन सौंपने के क्रम में माननीय संतोष पाण्डेय संसदीय क्षेत्र राजनादगाव को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रतिनिधि मंडल जिला संचालक श्रीहरि,शिवेंद्र ,सुधन सिंह कोरेटि,भागवत पडोटि,राजेन्द्र वर्मा,चुरामन दास मार्गे,अरुण पाण्डेय,पाल सिंह भंडारी,बृज लाल टाण्डिया,सुनील चुरेन्द्र,श्याम साय आँचला,सागर यादव,किशोर साहू सहित पदाधिकारियों ने सौंप कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने का आग्रह किए। सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में मोदी के गारंटी के तहत, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जावे। समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश किया जावे। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किया जाये।

### राजनीति विज्ञान विभाग ने मनाया संविधान दिवस

**डोंगरगढ़ 28 नवंबर।** शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर तथा अनिमा मिंज के



नेतृत्व में 26 नवम्बर को 75 वां संविधान दिवस हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ बी.आर. आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जाम्बुलकर के द्वारा संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, यह कठोर के साथ-साथ लचीला भी है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर. कोचे ने छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहां भारत के लिए एक महत्वपूर्ण दिन हैं, क्योंकि यह देश के संविधान को अपनाने का प्रतीक है, जो देश का सर्वोच्च कानून है। इसके साथ ही राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने किया।

### पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने एवं मोबाइल चोरी कर ले जाने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 28 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , व संवेदनशील मामलो के गतिविधि?यों पर नजर रखी जा रही है ,इसी दौरान दिनांक 05.11.2024 को प्रार्थिया थाना हाजिर आकर एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, करीबन 01 साल पुर्व रिश्तेदारों के शादी कार्यक्रम के दौरान हुये जान पहचान का फायदा उठाते हुये , बातचीत के दौरान आरोपी के द्वारा पीड़िता को अवैध संबंध बनाने की बात करता था , विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था , इसी दौरान पीड़िता को नहाने जाते अकेली देखकर आरोपी बुरी नियत से ÷ तुम मुझसे बात नही करोगी तो मैं तुम्हारे बेज्जती कर दूंगा एवं तेरे पति एवं दोनो बच्चों को जान से मार दूंगा कहकर धमकी दिया एवं पत्थर उठाकर मारने का प्रयास किया जिससे पीड़िता डर कर वहां से भाग गया , आरोपी पीड़िता के घर मे रखे मोबाईल करे चोरी कर ले गया एवं उसी फोन से पीड़िता के पड़ोसी को फोन कर तोड़-फोड़ एवं चोरी के घटना के संबंध मे बताया , कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है । विवेचना के दौरान आरोपी लिखनलाल यादव पिता पूछाराम यादव , उम्र- 24 साल, पता- वार्ड नं0 14 जामसरारकला ,थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव ,छ0ग0 का पता तलाश , पुछताछ कर , जुर्म स्वीकार करने से गिर0 की पुर्व सूचना देकर ,विधिवत गिर0 दिनांक - 27.11.2024 के 14.00 बजे किया गया , गिर0 की सुचना परिजन को दी गई , आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से मान0 न्यायायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव पुलिस स्टॉफ का सराहनीय भुमिका रही है।



### सीईओ ने ग्राम गठुला,बोरी,तिलई, उपरवाह पंचायतों का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला, बोरी, तिलई, उपरवाह का आकास्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम गठुला के ग्राम पंचायत कार्यालय में अभिलेखों की अवलोकन किया। अभिलेखों का संधारण नियमित पाया गया। उन्होंने प्राथमिक शाला गठुला के मध्यान्ह भोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। स्कूली बच्चों हेतु दाल, चावल, सब्जी तैयार किया जा रहा था। मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले स्वसहायता समूह की महिलाओं को भोजन निर्माण स्थल पर नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने धान उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी, जारी टोकन एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। समिति प्रबंधक ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में प्रतिदिन 50 से 60 कृषकों से लगभग 2600 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। केन्द्र में छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सभी व्यवस्था की गई है। समिति में कुल 2339 कृषक पंजीकृत है। जिसमें से अब तक 414 कृषको से 19206 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

## आयुक्त ने निरीक्षण कर नंदई से मोहारा रोड से अतिक्रमण हटाने के दिये निर्देश

# शहर की सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वाले के विरुद्ध की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 नवम्बर।** शहर के मुख्य मार्गो में कतिपय लोगों के द्वारा अपने आवास व दुकानों के सामने सडक पर बिल्डींग मटेरियल व मलमा तथा दुकानों का समान रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ गंदगी फैलती है। जिसे ध्यान में रखकर सुगम यातायात तथा स्वच्छता के लिये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकार्म ने नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता को निरीक्षण कर सडक से समान हटाने समझाईस देने के निर्देश दिये थे।

आयुक्त के निर्देशानुसार निगम का दस्ता गत दिनों मोहारा रोड मे मटेरियल व समान हटाने समझाईस दिये थे और अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुरूम रखने पर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की गयी थी। आज नंदई व मोहारा रोड में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा व श्री ईमरान खान तथा तकनीकि अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर रोड से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिसके तहत आज निगम के दस्ता ने दुकानों का समान रोड में रखने तथा बिल्डिंग मटेरियल नहीं हटाने वालो 9 लोगो पर कार्यवाही कर 11 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना वसूला।

निगम का अतिक्रमण दस्ता शहर के मुख्य मार्गो में समान व मटेरियल रखकर यातायात बाधित करने वाले को समझाईस दे रहे है, नहीं हटाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज मोहरा रोड के बजरंग वेल्डिंग से 5 सौ रूपये, जनेद्र जींस से 1 सौ रूपये तथा बिल्डिंग मटेरियल के जय मॉ ट्रेडर्स से 5 सौ रूपये, संजय सोनी व कैलाश से 1-1 हजार रूपये, मयंक बिल्डिंग मटेरियल, उमेश पात्रे, शिवम ट्रेडर्स व राजू यादव से 2-2 हजार रूपये कुल 11 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना वसूला गया। उक्त कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील करते हुये कहा है कि मलमा सड़क पर न रखे एवं अपने दुकान का समान दुकान की सीमा में रखे, अन्यथा जप्ती करते हुये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने होटलो, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने,खाद्य सामाग्री को ढककर रखने ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने एवं प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने संक्रामक बीमारी से बचने आम जनता से अपने घरों व घरों के आस-पास साफ सफाई रखने,प्लास्टिंक कैरीबेग का उपयोग नही करने तथा ताजा खाद्य सामाग्री का उपयोग करने की अपील की है। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व श्री तिलक राज ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षकर श्री दीपक श्रीवास्तव, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

संपादकीय

## अब बैलेट पेपर के नाम पर नौटंकी

चुनाव में हारने वाले दल चुनाव के कुछ दिन बाद तक हार को स्वीकार नहीं करते हैं,अपनी हार के लिए ईवीएम को दोष देते हैं, उनका कहना है कि ईवीएम में गड़बड़ी कर भाजपा चुनाव जीत जाती है यानी उनको चुनाव में हरा देती है। कई लोग चुनाव में गड़बड़ी की बात तो करते हैं लेकिन कोई न तो सुप्रीम कोर्ट को यह बता पाता है कि गड़बड़ी कैसे की गई है न ही चुनाव आयोग को बता पाता है कि चुनाव में गड़बड़ी कब की गई, कहां की गई और कैसे की गई। चुनाव में गड़बड़ी की शिकायत करने वालों ने आज तक सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग को गड़बड़ी का एक सबूत नहीं दिया है। और वे चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग उनकी बात को सही मान ले। सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग तो उनकी बात तब मानेंगे जब वह वाकई ईवीएम में गड़बड़ी की सबूत पेश करेंगे।चुनाव आयोग तो कई बार कह चुका है यदि कोई ईवीएम को हैक करके दिखा सकता है तो हैक करके दिखाए,लेकिन आज तक किसी ने ईवीएम को हैक करके नहीं दिखाया है। चुनावआयोग स्वीकार करता है कि गिनती में गड़बड़ी हो सकती है,यदि ऐसा होता है कि राजनीतिक दल के मतगणना में मौजूद लोग इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा कुछ हजार रुपए खर्च कर प्रत्याशी फिर से ईवीएम के वोटों की गणना करा सकता है।ईवीएम की सुरक्षा देश में बारहों महीने की जाती है ताकि उसमें कोई गड़बड़ी न कर सके। इसके अलावा ईवीएम निकालने से लेकर मतगणना तथा ईवीएम वापस गोदाम में रखने तक सब कुछ राजनीतिक दलों के सदस्यों के सामने होता है, इसलिए ईवीएम में गड़बड़ी की गुंजाइश तो बिलकुल नहीं है। महाराष्ट्र व झारखंड चुनाव में एक जगह भाजपा जीती है और एक जगह जेएमएम जीता है। भाजपा तो झारखंड में अपनी हार को स्वीकार कर रही है कि हम झारखंड में कई कारणों से हार गए हैं। लेकिन कांग्रेस, उध्दव ठाकरे महाराष्ट्र में अपनी हार को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। उनके पास कोई सबूत नहीं है कि चुनाव में कहां पर,क्या और कैसे गड़बड़ी हुई लेकिन वह सब मिलकर एक स्वर में चिल्ला रहे हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी के कारण हम चुनाव हार जाते हैं। इनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि जब भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी कर सकती है तो वह लोकसभा चुनाव में बहुमत से कैसे कम रह गई, महाराष्ट्र में कांग्रेस, उध्दव व पवार को ज्यादा सीटें कैसे मिल गईं। इसके अलावा कांग्रेस व विपक्ष जिन राज्यों में चुनाव जीता है, वहा उसको ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है, वहां भाजपा ने कोई गड़बड़ी नहीं की। पं.बंगाल में टीएमसी तीन चुनाव लगातार जीत रही है अगर भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी कराती है वह पं.बंगाल में गड़बड़ी कर चुनाव जीत क्यों नहीं जाती है। कांग्रेस हो या विपक्षी दल अपनी एकतरफा बातों के कारण खुद ही एक्सपोज हो जाते हैं और इनकी बातों पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भरोसा करना बंद कर दिया है। यह बगैर सबूत के चले जाते हैं और अपनी बात सुप्रीम कोर्ट में साबित नहीं कर पाते हैं। सुप्रीम कोर्ट तो सीधा सबूत की बात करता है कि सबूत तो दिखाओ। कांग्रेस इतनी बड़ी बड़ी बाते चुनाव आयोग के खिलाफ करती है आज तक सुप्रीम कोर्ट नहीं गई है क्योंकि उसके पास कोई सबूत नहीं है चुनाव में गड़बड़ी का,बस सुनी सुनाई बातो और अफवाहों के आधार पर वह ईवीएम व चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान 2014 से लगा रही है।दस साल हो गए चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर तो कोई फर्क नहीं पड़ा लेकिन देश की जनता ने कांग्रेस और राहुल गांधी की बातों पर यकीन करना कम कर दिया है। क्योंकि दस साल से ईवीएम में गड़बड़ी चुनाव भाजपा जीत रही है और कांग्रेस कोई सबूत नहीं जुटा पाई है। इतना बड़ा संगठन है कांग्रेस का वह छोटा सा सबूत जुटाता तो जनता यकीन करती हां कांग्रेस सच कह रही है,राहुल गांधी सच कह रहे हैं। कोई सबूत न होने के कारण सुप्रीम कोर्ट तो जाती नहीं है लेकिन अपने समर्थकों के जरिए पीआईएल लगाती रहती है। इस बार भी सुप्रीम कोर्ट में किसी पाल ने याचिका लगाई कि देश में होने वाले चुनाव ईवीएम की जगह मतपत्र से कराए जाएं, सुप्रीम कोर्ट ने इनकी याचिका खारिज कर दी और कहा कि जो भी चुनाव हार जाता है, वह ईवीएम को दोष देता लेकिन जब वह खुद कोई चुनाव जीत जाता है तो चुप हो जाता है। ऐसा कहकर सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को भी संदेश दे दिया कि यदि आपने भी ऐसा किया है तो भूल कर सुप्रीम कोर्ट मत आना वरना यहां आकर फटकार सुननी पड़ेगी कि चुनाव जीतते वक्त तो ईवीएम ठीक हो जाता है और हारतेही खराब हो जाता है। इसलिए कांग्रेस ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाने की हिम्मत नहीं कर पा रही है, वह यात्रा निकालने की तैयारी कर रही है। यानी भीड़तंत्र का उपयोग कर देश में चुनाव आयोग व ईवाएम के खिलाफ माहौल बनाना चाहती है। वह चाहती है कि अब चुनाव मतपत्र से कराए जाने चाहिए। देश में व्यवस्था को कांग्रेस की मर्जी से बदल नहीं सकती। कांग्रेस कहे अब से मतपत्र से चुनाव होना चाहिए तो वह शुरू हो जाना चाहिए। कांग्रेस को यात्रा निकालने की जगह अगला लोकसभा चुनाव ईवीएम के खिलाफ लड़ना चाहिए और बहुमत वाली सरकार बनाकर चुनाव व्यवस्था को बदल देना चाहिए। राहुल गांधी को किसी ने बताया नहीं कि जब मतपत्र से चुनाव होते थे तो राजीव गांधी मतपत्र से हुए चुनाव का गालत मानते थे। आज उनके सुपुत्र और कांग्रेस को मतपत्र से चुनाव सही लग रहा है तो महज इसलिए वह ईवीएम नहीं अपनी गलतियों के कारण चुनाव हारते जा रहे हैं, मोदी को चुनाव में हरा नहीं पा रहे हैं। अब सोचते हैं कि मोदी ईवीएम के कारण जीत रहे हैं तो मोदी बहुत से चुनाव हारें है तो वह क्यों हारें है, चुनाव में हार जीत ईवीएम से नहीं जनता की मर्जी से होती है।

गंभीर मुद्दा

डॉ. सत्यवान सौरभ

# धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हमारी सांस्कृतिक प्रथाओं के लिए मारकाट कब थमेगी ?



संभल में दायर याचिका वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के शाही ईदगाह के लिए दायर याचिकाओं की तरह ही है। मुख्य मुद्दा यह है कि कानून-'पूजा स्थल अधिनियम, 1991' को कैसे समझा जाता है। संभल की ज़िला अदालत ने शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश एक याचिका के आधार पर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि यह हिंदू मंदिर स्थल पर बनी है। इस आदेश के कारण स्थानीय मुस्लिम निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिन्होंने इसे अपने धार्मिक अधिकारों और विरासत पर हमला माना। जब सर्वेक्षण का विरोध करने के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई तो विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया। रिपोर्ट बताती हैं कि प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों दोनों को चोटें आईं और मौतें हुईं। भारत में धार्मिक स्थलों पर चल रहे विवाद, विशेष रूप से ऐतिहासिक धर्मांतरण के दावों से जुड़े विवादों ने सांप्रदायिक संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। वाराणसी और मथुरा में इसी तरह के मामलों ने ऐसे उदाहरण स्थापित किए हैं जो धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को खतरे में डालने वाले सर्वेक्षणों या कानूनी कार्रवाइयों के रूप में देखे जाने पर सार्वजनिक अशांति में योगदान करते हैं। संभल की जामा मस्जिद का विवाद अयोध्या, काशी और मथुरा में चल रहे मामलों के बीच बढ़ा है। हिंदू पक्ष दावा करता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई थी। मुस्लिम पक्ष जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष की दावों को खारिज करता है। हालिया लड़ाई कानूनन लड़ी जा रही है, जिसमें अदालत की ओर से आए मस्जिद के सर्वे ऑर्डर पर काम हो रहा है। संभल के सिविल जज की अदालत में विष्णु शंकर जैन की ओर से जामा मस्जिद को लेकर वाद दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन और केला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरि समेत 8 वादी हैं। वादियों ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और संभल जामा मस्जिद समिति को विवाद में पार्टी बनाया है। याचिका में कहा गया-'मस्जिद मूल रूप से एक हरिहर मंदिर था, जिसे 1529 में मस्जिद में बदल दिया गया। मंदिर को मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में ध्वस्त कराया था। बाबरनामा और आइन-ए-अकबरी किताब में इस बात का उल्लेख है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद बनी है, वहाँ कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।' मुस्लिम पक्ष भी मानता है कि जामा मस्जिद बाबर ने बनवाई थी और आज तक मुसलमान इसमें नमाज पढ़ते आ रहे हैं। हालांकि मुस्लिम पक्ष कानूनी विवाद में सुप्रीम कोर्ट के 1991 के उस ऑर्डर को आधार बनाकर अपना विरोध दर्ज कराता है, जिसमें अदालत ने कहा था कि 15 अगस्त 1947 से जो भी धार्मिक स्थल जिस भी स्थिति में हैं, वह अपने स्थान पर बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या पर फैसले के समय भी इस पर जोर दिया था। इसके जरिए मुस्लिम पक्ष संभल की जामा मस्जिद पर हक जताता है और हिंदू पक्ष के दावे, किसी अन्य न्यायिक कार्यवाही को कानून की अवहेलना बताया है। याचिकाकताओं के दावे के बारे में कानून क्या कहता है? याचिकाकताओं ने मस्जिद स्थल पर अपना दावा स्थापित करने के लिए एक दीवानी मुकदमा दायर किया। दीवानी मुकदमों में, प्रारंभिक दावों को आम तौर पर अंकित मूल्य (प्रथम दृष्टया) पर स्वीकार कर लिया जाता है, अगर मुकदमा विचारणीय माना जाता है तो बाद में और सबूत पेश किए जा सकते हैं। हालाँकि, कोई भी दावा जो पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने की कोशिश करता है, उसे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित किया जाता है। इस अधिनियम का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को बनाए रखना है जैसा कि वे 15 अगस्त, 1947 को मौजूद थे। पूजा स्थल अधिनियम, 1991 क्या कहता है? अधिनियम पूजा स्थलों के किसी भी रूपांतरण पर रोक लगाता है और यह अनिवार्य करता है कि उनका धार्मिक चरित्र वैसा ही रहना चाहिए जैसा वह 15 अगस्त, 1947 को था। विशेष रूप से, धारा 3 किसी भी पूर्ण या आंशिक रूप से किसी अन्य संप्रदाय या संप्रदाय के पूजा स्थल में रूपांतरण पर रोक लगाती है। धारा 4 में कहा गया है कि उस तिथि को किसी स्थान के धार्मिक चरित्र में परिवर्तन के सम्बंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही समाप्त (समाप्त) कर दी जाती है, जिससे ऐसे रूपांतरणों के सम्बंध में नए मुकदमे दायर नहीं किए जा सकते। उल्लेखनीय रूप से, यह अधिनियम अपने अधिनियमन के समय पहले से ही विचाराधीन विवादों पर लागू नहीं होता है, जैसे बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि मामला, जिसने समकालीन विवादों में इसके आवेदन को जटिल बना दिया है। न्यायालयों ने इन टाइटल मुकदमों को कैसे अनुमति दी है? पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों के बावजूद, अदालतों ने ज्ञानवापी और मथुरा जैसे स्थानों से सम्बंधित टाइटल मुकदमों को बनाए रखने योग्य करार देकर अनुमति दी है सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई एक महत्त्वपूर्ण टिप्पणी ने संकेत दिया कि अधिनियम के तहत किसी स्थान की धार्मिक प्रकृति को बदलना प्रतिबंधित है, लेकिन इसके ऐतिहासिक चरित्र की जांच अभी भी अनुमेय हो सकती है। इस व्याख्या ने ज़िला न्यायालयों को अधिनियम की मंशा का सीधे उल्लंघन किए बिना ऐसी याचिकाओं पर विचार करने का आधार प्रदान किया है। संभल के मामले में, न्यायालय ने यह निर्धारित करने से पहले सर्वेक्षण का आदेश दिया कि क्या दीवानी मुकदमा विचारणीय है। इस एकपक्षीय निर्णय (दोनों पक्षों को सुने बिना) ने इसकी वैधता और निष्पक्षता के बारे में और विवाद पैदा कर दिए हैं। न्यायालयों को 1991 के अधिनियम की मंशा को बनाए रखना चाहिए, यह सुनिश्चित करके कि 15 अगस्त, 1947 तक के स्थलों के धार्मिक चरित्र को चुनौती देने वाले विवादों को खारिज कर दिया जाए, अनावश्यक सर्वेक्षण या कार्यवाही से बचना चाहिए जो सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकते हैं। सरकारों और स्थानीय अधिकारियों को ऐतिहासिक शिकायतों को शांतिपूर्ण तरीके से दूर करने और आपसी समझ को बढ़ावा देने, हिंसक झड़पों के जोखिम को कम करने और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अंतर-धार्मिक चचाओं को सुविधाजनक बनाना चाहिए।

**भारत में धार्मिक स्थलों पर चल रहे विवाद, विशेष रूप से ऐतिहासिक धर्मांतरण के दावों से जुड़े विवादों ने सांप्रदायिक संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। वाराणसी और मथुरा में इसी तरह के मामलों ने ऐसे उदाहरण स्थापित किए हैं जो धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को खतरे में डालने वाले सर्वेक्षणों या कानूनी कार्रवाइयों के रूप में देखे जाने पर सार्वजनिक अशांति में योगदान करते हैं। संभल की जामा मस्जिद का विवाद अयोध्या, काशी और मथुरा में चल रहे मामलों के बीच बढ़ा है। हिंदू पक्ष दावा करता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई थी। मुस्लिम पक्ष जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष की दावों को खारिज करता है। हालिया लड़ाई कानूनन लड़ी जा रही है, जिसमें अदालत की ओर से आए मस्जिद के सर्वे ऑर्डर पर काम हो रहा है।**

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ कर दिखाने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसको आपको समय रहते पूरा करना होगा, नहीं तो अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। कामों को लेकर यदि कुछ अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है। घर की साज-सज्जा और रख रखाव पर आप पूरा ध्यान देंगे। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने भविष्य को लेकर कुछ नई प्लानिंग कर सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। यदि आपने किसी काम को लेकर धन उधार लिया था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। आप काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर कहासुनी हो, तो आप इसमें चुप रहें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सामाजिक गतिविधियों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आपकी कोई डील फाइनल होते-होते रह सकती है। आपको किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करते समय उसके चल और अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। जो लोग किसी सरकारी काम से जुड़े हैं, उन्हें अच्छा लाभ मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए टेंशन भरा रहने वाला है। आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, तो उसे दूर करने के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करने की आवश्यकता है। पारिवारिक मामलों को आप अपने बड़े सदस्यों के सामने रखें, तभी आपको उसका समाधान मिल सकेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपकी हिम्मत बरकरार रहेगी। आप किसी से बेवजह पंगा ना लें, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी ऊर्जा सही कामों में लगेगी, जिससे कि आप कामों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। सेहत पर भी आप पूरा ध्यान दें, उसमें कुछ गिरावट हो सकती हैं। आप अपने किसी परिजन के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको किसी बात को लेकर परिवार में किसी सदस्य के गुस्से को झेलना पड़ सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर यदि आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने किसी परिजन की बात का बुरा मान सकते हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। अपनी संतान से आप कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कोई बड़ा पद मिल सकता है, लेकिन इसके साथ-साथ विरोधी भी उनकी चुगली भी लगा सकते हैं। आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आए।

तुला- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। आप अपने घर की मरम्मत आदि पर भी पूरा ध्यान देंगे और किसी काम को लेकर आपको योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने की तैयारी आप कर सकते हैं, जिसमें आप अपने परिवार के सदस्यों को भी लेकर जाएंगे। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप किसी से बेवजह ना उलझें, नहीं तो इससे आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से कामों को करने के लिए रहेगा। यदि आपको काम को लेकर कुछ गिला शिकवा चल रहा था, तब वह भी दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको यदि किसी काम को लेकर टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी और मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर लापरवाही दिखाने से बचना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप व्यस्त रहने के कारण अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं, जिसे आपको पूरा करना होगा। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप प्रॉपर्टी को लेकर कोई डील बहुत ही सोच समझकर फाइनल करें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। पारिवारिक और सामाजिक गतिविधियों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। परिवार में सदस्यों में किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो आप दोनों पक्षों की सुनकर ही कोई निर्णय ले तो बेहतर रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काफी कामों को पूरा करेंगे। यदि आपका कोई पारिवारिक मामला लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। दूसरों के मामले में आप बेवजह ना बोले। आप कारोबार में किसी से धन उधार ना लें। कुछ प्रभावशाली लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आप जीवनसाथी को लेकर कहीं डिनर डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं, जिससे आप दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपकी वाणी की मधुरता आपके काफी बिगड़े कामों को बनाए, जिससे आपको खुशी होगी। बिजनेस में यदि आपने किसी काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने बिजनेस पर पूरा ध्यान देना होगा।

व्यंग्य

# प्रभु लीला मेले का उद्घाटन



कस्बे में एक अद्वितीय महोत्सव हुआ था - प्रभु लीला मेले का उद्घाटन समारोह। इसे शहर के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्ति, ज्ञानबाबू ने अपनी दिव्य उपस्थिति से और भी गरिमामय बना दिया। ज्ञानबाबू, जिन्हें लोग प्यार से ₹पंचतत्व विशेषज्ञ₹ कहकर बुलाते थे, अपने नाम से कहीं अधिक अपने अनमोल सुझावों और असामयिक प्रवचनों के कारण प्रसिद्द थे। समारोह की शुरूआत चालीस मिनट देर से हुई, क्योंकि ज्ञानबाबू की विशिष्ट सलाह पर हर अतिथि को विशेष ₹प्रणाम मुद्रा₹ में, एक पैर पर खड़े होकर आमंत्रित किया गया था। ज्ञानबाबू के अनुसार, यह न केवल सम्मान का प्रतीक था बल्कि इससे राष्ट्रभक्ति भी सुदृढ़ होती है। खैर, अतिथियों ने किसी तरह इस अनोखी मुद्रा में पहुंचकर उनके चरणों में साष्टांग दंडवत किया। ₹प्रभु लीला मेला₹ इस बार कुछ विशेष था। आयोजकों ने इसे जनता को ₹समाज के विकट मुद्दों पर जागरूक करने₹ के लिए आयोजित किया था। मेले का आकर्षण बिन्दु था - ₹असंभव संकल्प₹ प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में नगर के जनसेवकों से लेकर हर आम आदमी को, पूरे दिल से वह संकल्प लेना था, जिसे वे कभी पूरा नहीं करेंगे। ज्ञानबाबू ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए मंच से घोषणा की, ₹आज से हम सब मिलकर कसम खाएंगे कि हम पूरी लगन और मेहनत से अपनी एकता का हर रोज प्रदर्शन करेंगे। हर मोहल्ले में आपसी झगड़े को सामूहिक निर्णय मानते हुए हर शाम उसका उत्सव मनाएंगे।₹ यह घोषणा सुनते ही जनता में जोरदार तालियाँ गूंजी। लोगों ने तुरंत इस नई परंपरा को अपनाने का संकल्प लिया।




मेले में हर ओर एक अलग ही नजारा था। गली-गली में दुकानों में ₹चिंता-मुक्त भारत₹ का स्टॉल लगा था, जहाँ हर दुकान एक मुफ्त ₹विश्रामदायिनी औषधि₹ दे रही थी। ज्ञानबाबू के अनुसार यह औषधि हर समस्या का हल थी। हालांकि, सत्य तो यह था कि वह केवल उबले पानी में थोड़ी हल्दी और तुलसी डालकर बनाई गई थी, जिसे ज्ञानबाबू ने ₹दिव्य पंचामृत₹ नाम दिया था। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण था ₹विलंब चौपाल₹ जहाँ नगर के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर छोटे-मोटे व्यापारी तक विलंब के महत्त्व पर व्याख्यान दे रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष ने मंच से कहा, ₹विलंब एक कला है, इसे समझने और सराहने की जरूरत है। कोई भी काम समय पर न हो तो उसका आकर्षण बढ़ जाता है। यदि आप काम समय से करेंगे, तो नए बहानों का अभाव होगा। इसीलिए हम हमेशा विलंब को प्राथमिकता देते हैं। दूसरे चक्र में, शहर के नेता जी का भाषण हुआ। उन्होंने विलंब की महिमा बताते हुए कहा, ₹विलंब से काम करने का आनंद ही अलग है। हमें तो यहाँ तक विश्वास है कि यदि ब्रह्मांड की रचना समय पर होती, तो हमें इतने रंगीन बहानों का आनंद नहीं मिल पाता।₹ इस पर जनता ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नेता जी का स्वागत किया। मेले में कुछ नया और रोमांचक जोड़ने के लिए, आयोजकों ने ₹अमर दायित्व संकल्प₹ नामक एक समारोह भी रखा था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को कोई ऐसा दायित्व लेना था जिसे वह कभी निभाने का इरादा न रखता हो। हर व्यक्ति का संकल्प सुनकर सभी चकित हो जाते। एक सज्जन ने मंच पर आते हुए संकल्प लिया कि वह रोज सुबह उठकर पार्क में सफाई करेंगे। संकल्प पूरा होते ही बगल में खड़े लोग हँसी नहीं रोक सके, और सभी ने इसे नया राष्ट्रदायित्व मानकर सराहा। इस समारोह में अगला क्रम था ₹परस्पर प्रशंसा महोत्सव₹ का। इसमें नगर के वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारी, एक-दूसरे की खूबियाँ बढ़ा-चढ़ा कर बताने लगे। लेकिन जैसे-जैसे तारीफ का स्तर बढ़ता गया, जनता को यह समझ आ गया कि इसमें एक गहरी व्यंग्यात्मकता है। एक व्यापारी ने कहा, ₹हमारे वरिष्ठ अधिकारी बहुत ही मेहनती हैं, वह हमेशा अपनी ड्यूटी पर देर से पहुँचते हैं ताकि आम जनता को रोज समय पर न पहुंचने का महत्व समझा सकें।₹ यह सुनते ही उपस्थित जनता ठहाके लगाने लगी। हर व्यक्ति ने सराहना में कुछ ऐसा ही बयान दिया और सभा में हँसी का दौर चलता रहा। मेला समाप्त होते समय, ज्ञानबाबू ने अपने मन की बात रखते हुए कहा, ₹मुझे अत्यधिक प्रसन्नता है कि हम सभी ने समाज के सामने असंभव संकल्प रखे हैं। ये संकल्प हमें अपनी मजबूरी का एहसास दिलाते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हम असंभव काम को हाथ न लगाएं। असंभव कार्यों के प्रति हमारी श्रद्धा ऐसे ही बनी रहे। समारोह के बाद, जनता में एक अजीब उत्साह था। सबने मेले की असली महत्ता को समझा और इसी विचार से घर लौटे कि जीवन में असंभव को लेकर चलना ही सबसे सुरक्षित नीति है। इस प्रकार, ₹प्रभु लीला मेला₹ ने न केवल नगर की जनता का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें ज़िन्दगी की कड़वी सच्चाइयों पर ठहाके लगाने का अवसर भी दिया।

शिक्षा

# किताबी शिक्षा बनाम व्यवहारिक शिक्षा

किशन सनमुखदास भावनानी

सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है।याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वतः संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरोंपर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा हैं। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे, उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फि र भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वही बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके।

साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबी अशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेशन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ। साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा। साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबी अनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है। साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है!! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो!तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की? अच्छा हुआ हम तो अनपढ़ ही बहुत अच्छे है। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक ज्ञान के महत्व की करें तो स्कूल में जब बच्चों से हाथ से प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं तो बच्चे व उनके अभिभावक बहुत खुश होते है।जब वे खुद कैंची से कागज काटते हैं तब व्यवहारिक ज्ञान आता है। व्यवहारिक ज्ञान, अनुभव और अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। यहां कुछ तरीके हैं जिनसे आप व्यवहारिक ज्ञान को विकसित कर सकते हैंः (1)अभ्यास करेंः ज्ञान को प्राप्त करने के लिए अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो, आपको नियमित अभ्यास के माध्यम से उसमें दक्षता प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए।(2) गुरु से सीखेंः अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए उन लोगों से संपर्क करें जो आपके क्षेत्र में एक्सपर्ट हैं।उनके मार्गदर्शन में आप अपने दक्षता को बढ़ा सकते हैं। (3) दूसरों के साथ अनुभव साझा करेंः अपने दोस्तों, परिवार के सदस्यों या समुदाय के अन्य लोगों के साथ अनुभव साझा करने से आप उनके अनुभव से भी सीख सकते हैं और अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। (4) समस्याओं का सामना करेंः समस्याओं का सामना करने से आपको व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। समस्याओं के समाधान के लिए अपने दिमाग को चुनौतियों के सामना करने की अनुमति दें। (5) पुस्तकें और संसाधनों का उपयोग करेंः अपने विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए पुस्तकें,आर्टिकल्स वेबसाइट्स और वीडियोस का उपयोग करें। आजकल इंटरनेट पर भी अनेक विशेषज्ञ संसाधन उपलब्ध हैं। (6) अपने गलतियों से सीखेंःकभी-कभी हमगलतियों करते हैं। इससे हमें कुछ न कुछ सीखने का मौका मिलता है।

## एक नजर

### शासकीय कार्य में लापरवाही पर हुई कड़ी कार्रवाई

**सुकमा, 28 नवंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त कार्यालय से जारी आदेशानुसार प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रभारी अधीक्षिका कन्या आश्रम कोर्रा, विकासखंड सुकमा श्रीमती रजम्मा साहू को मूल पदस्थ संस्था में शैक्षणिक कार्य करने हेतु भारमुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी अधीक्षक प्री मैट्रिक अनु. जनजाति छात्रावास भेज्जी श्री कारम राजेश, प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम दोरनापाल श्री कुहराम कुन्ना और प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम पेदाकुरती श्री कड़ती गुलाबी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण आगामी 1-1 वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। इसी तरह से प्रभारी अधीक्षक प्री मैट्रिक बालक छात्रावास दुब्बाटोटा श्री विक्रम पुनेन को छात्रावास संचालन कार्य में प्रथम दृष्ट्या गंभीर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पुनेन का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुकमा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से 2 आईडी बम जवानों ने निष्क्रिय किया



**सुकमा 28 नवंबर।** जिले थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु जिला बल, 206 वहिनी कोबरा की पार्टी रवाना हुये थे अभियान के दौरान तुमालपाड़ -नवीन कैंप रायगुडेम जाने वाली मार्ग में माओवादियों द्वारा लगाये गये 01 नग प्रेशर आईईडी को किया गया बरामद। 206 वाहिनी कोबरा के बलों द्वारा बरामद आईइडी को सुरक्षित तरीके से किया गया निष्क्रिय। जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्रान्तर्गत एरिया डोमिनेशन हेतु जिला बल, 217 वहिनी सीआरपीएफ की पार्टी रवाना हुये थे अभियान के दौरान सल्लातोंग व आस पास एरिया जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाये गये 01 नग प्रेशर आईईडी को किया गया बरामद। 217 वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला बल के बलों द्वारा बरामद आईइडी को सुरक्षित तरीके से किया गया निष्क्रिय।

### गादीरास धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी हुई प्रारम्भ



**सुकमा 28 नवंबर।** सुकमा जिले के गादीरास में बुधवार को इस विपणन वर्ष 2024-25 की पहली धान खरीदी की गई गादीरास स्थित धान उपार्जन केंद में आज 6 किसान धान लेकर धान खरीदी केंद्र पहुँचे वही पहला टोकन श्रीमती सुल्बति जैतराम का रहा जिन्होंने इस वर्ष का पहला टोकन 60 क्विंटल धान विक्रय करने का टोकन लिया था वही दूसरे नंबर में राजेंद्र सिंह भदोरिया ने भी धान विक्रय करने के लिए 39 क्विंटल का टोकन लेकर धान विक्रय करने गादीरास खरीदी केंद्र पहुंचे किसान चिंता बेवा, रामाराव वेट्टी, दिलीप कुमार भीमा,लखमू इन सभी किसान जो धान खरीदी केंद्र धान लेकर पहुँचे थे धान खरीदी केंद्र में किसानों के साथ साथ जनप्रतिनिधि एव गादीरास के ग्रामीणों द्वारा सर्व प्रथम तराजू की विधिवत पूजा अर्चना किया गया जिसके बाद किसानों के द्वारा लाये गये धान की तौल चालू किया गया तत्पश्चात वही किसानों को भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बरसे प्रदेश कार्य समिति सदस्य अरुण सिंह भदोरिया विनोद सिंह बैश इंद्र लाल सेठिया दुर्जन सेठिया हड़मा राम और धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक मनोज वासनिकर जिला सहकारी बैंक मैनेजर मनीष विश्वकर्मा शिखर चंद कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक वेट्टी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी बृजलाल सेठिया सहित बड़ी सख्या में ग्रामीण उपस्तिथ रहे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अरुण सिँह भदौरिया ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी से बारदाना और टोकन से सम्बंधित जानकारी भी ली वही कहा की भाजपा जो कहती है। वो करती है।

### विधायक की मौजूदगी में बाल संसद का आयोजन



**दंतेवाड़ा 28 नवंबर।** संविधान दिवस के मौके पर दक्षिण बस्तर के बारसूर में अनूठा आयोजन हुआ। इसमें युवा संसद का मंचन करते स्कूली छात्र-छात्रा मंझे हुए राजनेताओं की तरह सवाल-जवाब और तर्क-वितर्क करते दिखे। सबसे खास बात यह थी कि दर्शक दीर्घा में बैठे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी भी बच्चों के इस अद्भुत कौशल व अर्जित ज्ञान को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। दरअसल, इस युवा संसद में हूबहू भारतीय संसद की तरह स्पीकर से लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद, मन्त्रिमण्डल के प्रधानमंत्री से लेकर विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में बच्चों ने अपनी वाकपटुता और धाराप्रवाह शैली से उपस्थित जनों को प्रभावित किया। सहमति में मेजें थपथपाना हो, या फिर शपथ ग्रहण, प्रश्नकाल, पूरक प्रश्नोत्तरी, तीखे सवाल-जवाब, गहमा-गहमी सब कुछ ने मिलकर संसद का वातावरण बना दिया था। शुरुआत दिवंगत मशहूर कृषि वैज्ञानिक व हरित क्रांति के जनक डॉ एमएस स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। संविधान दिवस के मौके पर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में यह युवा संसद का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने कहा कि संसदीय प्रक्रिया को जानना बहुत जरूरी है। बच्चों ने यह बेहतर ढंग से दिखाया कि संसद कैसे चलाई जाती है। पढ़ाई के साथ इस तरह की रचनात्मकता और ज्ञान का अर्जन जरूरी है।

# दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन बना ग्रामीणों के लिए वरदान

## हर घर जल प्रमाणीकरण से ग्रामीणों में उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 28 नवंबर।** कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुर्कालंका के अंतर्गत गच्चनपल्ली, ग्राम पंचायत कारीगुंडम के अंतर्गत

पुट्टपाड़ और निमलगुडा, ग्राम पंचायत चिउरवाड़ा के अंतर्गत चिउरवाड़ा और ग्राम पंचायत कोडरीपाल के अंतर्गत कोडरीपाल गांवों को जल जीवन मिशन के तहत शत् प्रतिशत हर घर में जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया। ग्राम सभा में स्थानीय पटेल, मुखिया, सचिव, पीएचई विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायतों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।

**दूरस्थ वनांचल और दुर्गम क्षेत्रों में योजना का सफल क्रियान्वयन :** पहुंच मार्ग के अभाव में पहाड़ों और जंगलों के बीच से कठिनाई का सामना करते हुए भी जल जीवन मिशन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। ग्रामीणों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से चुनौतीपूर्ण कठिन परिस्थितियों में भी योजना को साकार किया जा रहा है।

**ग्राम जल वाहिनी और तकनीकी प्रशिक्षण :** कार्यक्रम के दौरान ग्राम जल वाहिनी दीदी और ग्रामीणों को एफ.टी.के. (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी समन्वयक द्वारा बनाए गए स्टैंड पोस्ट और पाइपलाइनों की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**सतत संचालन के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया :** जल जीवन मिशन के तहत योजना के सफल संचालन, संधारण और प्रबंधन के लिए ग्रामवासियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग और घरेलू नल कनेक्शन को सही तरीके से बनाए रखने का आग्रह किया गया।

**जल कर और सामुदायिक भागीदारी की सराहना :** कोडरीपाल गांव में हर घर से ?50 जल कर वसूलने की पहल की गई है, जो ग्रामीणों की सहभागिता और उनकी जल प्रबंधन के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। यह योजना के निरंतर संचालन के लिए एक सराहनीय कदम है।

**महत्वपूर्ण आयोजन और उपस्थित अधिकारी :** ग्राम सभा और प्रशिक्षण सत्रों में पीएचई विभाग के जिला समन्वयक सी.डी.ए.टी. श्री अरुण सरकार, डब्लू.क्यू.एम.आई.एस. समन्वयक श्री सतीश साहू, उप अभियंता श्री दिलीप मांडवी और श्री रितेश पैकरा सहित अन्य मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जल जीवन मिशन की व्यापक पहुंच:** गच्चनपल्ली, पुट्टपाड़, निमलगुडा, चिउरवाड़ा और कोडरीपाल गांवों में हर घर जल उत्सव आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच और स्थानीय समितियों की सहभागिता से इन गांवों को भी हर घर जल प्रमाणीकरण का दर्जा मिला।

**सुदूर क्षेत्रों में जल क्रांति:** जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले के संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल जल संकट से जूझ रहे दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### अतिथि व्याख्याता के लिए 5 दिसम्बर तक आवेदन

**जगदलपुर 28 नवम्बर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय जगदलपुर के प्राध्यापक- सहायक प्राध्यापक और अतिथि व्याख्याता के मानव विज्ञान विषय के रिक्त पद के विरूद्ध 01 पद वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित आमंत्रित किये गए हैं। उक्त अध्यापन व्यवस्था अतिथि व्याख्याता के पीएचडी कोर्स वर्क में जाने के कारण 06 माह के लिये अध्यापन व्यवस्था हेतु नियुक्त किया जाएगा। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन 05 दिसम्बर 2024 शाम 5.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक हस्ते कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन अवलोकन हेतु संस्था के नोटिस बोर्ड तथा महाविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया गया है।

# बिना अनुमति मिशनरी कर रहे ईसाई धर्म का प्रचार
# आदिवासी इलाके बन रहे धर्मांतरण का हॉट स्पॉट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 28 नवंबर।** जिले के कोण्टा नगर के बीच चौराहा पर ईसाई धर्म के कुछ लोगो द्वारा बिना परमिशन के माइक लगाकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करना पड़ा महँगा कोण्टा हिंदुओ द्वारा उक्त कृत्य पर रोक लगाकर स्थानीय पुलिस की दी सूचना आंधप्रदेश के काकीनाडा से आये हुए ईसाई धर्म के लोगो को बगैर इजाजत इस तरह अपने धर्म प्रचार पर हिन्दु सेनाओं ने जताया कडा विरोध करते हुए प्रचार करने वाले को खदेड़ गया।

धर्मांतरण से आदिवासियों के अस्तित्व पर गंभीर संकट पैदा हो गया है। हालात यह हैं कि अगले दो दशक में बस्तर की पूरी डेमोग्राफी ही बदल जाएगी। इससे यहां के हालात मिजोरम, नागालैंड, मेघालय जैसे हो जाएंगे। इस बात की जरा भी चिंता राजनैतिक दलों से जुड़े यहां के बड़े आदिवासी नेताओं को नहीं हैं। वोट बैंक की राजनीति में आदिवासी अस्मिता से खुलकर खिलवाड़ होने दिया जा रहा है। हद तो तब हो जाती है, जब बस्तर के एक बड़े आदिवासी कांग्रेस नेता विधानसभा में दावे के साथ कह देते हैं कि बस्तर में एक भी धर्मांतरण नहीं हुआ है।

यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि आंकड़े हकीकत बयां कर रहे हैं। वैसे तो पूरे बस्तर संभाग के सातों जिले धर्मांतरण की जद में आ चुके हैं, मगर यहां हम सिर्फ बस्तर जिले और का ही जिक्र कर रहे हैं। ज्ञात हो कि सुकमा जिले का एक ग्राम पंचायत मुरतोंण्डा के एक पारा कमलापदर मे 30-35 मकान है वहां आदिवासियों ने पूरे लोग ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है और चर्च भी निर्माण हो चूंकि है प्रत्येक रविवार भारी संख्या में आदिवासी इक्ट्ठा होकर प्रार्थना की जाती है ऐसे में सुकमा जिला धर्मांतरण में पिछे नहीं है। धर्मांतरण का यह खेल बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगर राज्य और केंद्र सरकारों तथा आदिवासी नेताओं ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आने वाले 25-30 साल के भीतर बस्तर के हालात पूर्वोत्तर के राज्य नागालैंड, मिजोरम, मेघालय जैसे हो जाएंगे। यहां के आदिवासी अपनी जमीन, अपनी कला संस्कृति और पूजा पद्धति से पूरी तरह वंचित कर दिए जाएंगे। धर्मपरिवर्तन करने वाले का आरक्षण खत्म होना चाहिए क्योंकि आदिवासी के नाम से आरक्षण लिए हुए है और आदिवासी परम्परा पूजा पद्धति को भूल चुके हैं। बस्तर में धर्मांतरण को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होती आई है। धर्म परिवर्तन कर चुके आदिवासी और मूल आदिवासियों के बीच शादी विवाह और मृत्यु के कार्यक्रम में विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिले में कितनी संख्या में लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, यह नियमानुसार है या नहीं इस पर सरकार और प्रशासन को विशेष ध्यान देना होगा और जो लोग ऐसे आवेदन दे रहे हैं, उनसे मांग की जानी चाहिए कि आपकी संख्या कितनी है कि,कितने लोगों ने धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म स्वीकार किया है, उन्होंने धर्म परिवर्तन नियमानुसार किया है या नहीं, उनके दस्तावेज प्रस्तुत किया जाएं। इससे सही आंकड़े भी सामने आ सकते हैं।

# माओवादियों ने 29 नवंबर को सुकमा जिला बंद करने का आह्वान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 28 नवंबर।** जिले के भेज्जी थाना अंतर्गत 22 नवंबर को भंडरपादर गांव के जंगल में किए गए मुठभेड़ के विरोध में नवंबर 29 नवंबर को सुकमा जिला बंद का आह्वान कर रहे हैं। इन नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराए। कामरेड्स दूधी मासाल (डीवीसीएम), करटम कोसा (पीपीसीएम), माडवी लखमाल (पीपीसीएम), दुर्गे कोसी (एसीएम), मुचाकी देवा (एसीएम), मडकम जीतू, कोवासी केशा, मडकम कोसी, दूधी उंगी (गांव वासी), कुंजाम बामन (गांव वासी) इन कामरेडों को दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी नक्सलियों ने श्रद्धांजली अर्पित किए। माओवादियों गंगा ने कहा कि इस घटना में बिना हथियार वालों को पकड़कर हत्या किए। नक्सली गंगा ने इस हत्याकांड़ को जांच करके सच्चाई को दुनिया के सामने लाने के बात कह रहे। 22 नवंबर सुकमा जिला वासियों के लिए एक काला दिवस है। सरकार दस क्रांतिकारियों को निर्मम हत्या किया है. इस घटना में 4 कामरेडों के पास हथियार थे. बाकि 6 कामरेडों के पास हथियार नहीं थे. उसमें दूधी उंगी (बंडारपादर) और कुंजाम बामन (चिंताम) गांव वाले थे. बिना हथियार वालों को पकड़कर निर्मम हत्या करके मंत्री और पुलिस अधिकारी जश्न मना रहे हैं. इस घटना को बहादूराना साबित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं. दस आदमी को हत्या करने के लिए 500 पुलिस को इकट्ठा करना, बिना हथियार वालों को पकड़कर हत्या किया गया है। कामरेड़ दूधी मासाल 20 साल से जनता के लिए काम किए. एक अच्छे कम्युनिस्ट थे. बाकी कामरेड्स दस साल से दृढ़संकल्प के साथ जनता के लिए काम कर रहे थे. इन सभी कामरेड्स नवजनवादी क्रांति सफल करने के लिए अपना जान न्यौछावर दिए हैं. वे इस नक्सली गंगा ने कहा कि बस्तर की सच्चे माटी पुत्र हैं। इनका कुरबानी व्यर्थ नही होगा. इन कामरेडों का इतिहास से प्रेरणा लेकर हजारों जनता सामने जाएंगा।

ब्राह्मणीय हिन्दुत्व फासीवादियों ने एक षड़यंत्र रचा है की यहाँ आदिवासी जनता के बीच में फूट डालकर अपना लूटी, दमन चला रहे हैं. पैसा के लालच में कुछ यहाँ का आदिवासी लोग डीआरजी, बस्तर फायटर्स जैसे पुलिस बल में शामिल होकर यहाॅ का अपने ही जनता को हत्या करके जश्न मनाना, उन फासीवादीयों को संतुष्ट बनाना, कहाँ तक उचित है. यहाँ का जनता और क्रांतिकारियों को हत्या करने के बाद आप लोगों को भी उन फासीवादीयों ने फेंक देगा। इस विषय पर डीआरजी और बस्तर फायटर्स में काम करने वाले सोचना चाहिए। नक्सली गंगा ने कहा कि फासीवादी केंद्र, राज्य सरकारों ने जल, जंगल, जमीन, खदान, प्राकृतिक संपत्ति सार्वजनिक संपत्ति को देशी-विदेशी कारपोरेटों को देने के लिए इस तरह हत्याकांड़ कर रहे है. रोज-रोज इस तरह हत्याकांड़ करके जनता को भयभीत करके, प्रतिरोध आवाज को मिठाने के लिए विफल प्रयास कर रहे है. इतिहास बताते है कि, इतिहास में तानासाह की जगह नही रहा और अभी उठने वाले ब्राह्मणीय हिन्दुत्व फासीवादीयों को भी वही हालत होगा। सभी पार्टी, संगठन, बुद्धीजीवी, पत्रकार, छात्र, नवजवानों को हम अनुरोध करते है कि इस तरह जघन्य हत्याकांड़ को भंडाफोड़ करो और उसके विरोध में आवाज बुलंद करो और आंदोलन करो. नवंबर 29 नवंबर सुकमा जिला बंद को सफल बनाओ।

### बीईओ ने किया जनप्रतिनिधि से दुर्व्यवहार, कलेक्टर व डीईओ से शिकायत

**दंतेवाड़ा 28 नवंबर।** दंतेवाड़ा ब्लॉक में पदस्थ बीईओ पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा है। इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है। अपने लिखित शिकायत में नवीन शासकीय हाई स्कूल पंडेवार के शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने बताया कि स्कूल की जरूरत और समिति सदस्यों की मांग पर जब वे स्कूल के लिए मध्यान्ह भोजन में उपयोगी बर्तन व अन्य सामग्री खरीदी की मांग करने बीईओ दफ्तर पहुंचे तो बीईओ डीएस ध्रुव ने बर्तन उपलब्ध कराने से न सिर्फ इनकार किया, बल्कि दुर्व्यवहार भी किया। सत्ता पक्ष द्वारा नियुक्त जन प्रतिनिधि से दुर्व्यवहार की शिकायत कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है। ज्ञात हो कि बीईओ की अकर्मण्यता की शिकायतें काफी अधिक है। कार्यक्षेत्र में संचालित स्कूलों का नियमित निरीक्षण नहीं करने और अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर पहले भी उच्चाधिकारी नाराजगी जता चुके हैं।

## रेल मंत्री से छत्तीसगढ़ - बस्तर से सम्बंधित रेल विषय पर प्रश्न कर मांगी जानकारी

# बस्तर के रेल मुद्दे को ले कर महेश कश्यप लोकसभा में एक्शन मोड में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 28 नवंबर।** बस्तर लोकसभा के सांसद महेश कश्यप लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे है। लोकसभा सदन में प्रथम सत्र में ही बस्तर के रेल मुद्दे को सदन में उठाकर सुर्खियों में आये सांसद महेश कश्यप एक बार भी शीतकालीन सत्र में बस्तर के मुद्दे को ले कर केन्द्र सरकार से प्रश्न करते नजर आ रहे है। शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन ही बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कारपोरेट मंत्री से सी - पेस की जानकारी मांगी थी। सत्र के दूसरे दिन बस्तर सांसद ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ - बस्तर के रेल विषयों पर रेल मंत्री से प्रश्न कर जानकारी मांगी है। श्री कश्यप ने केंद्रीय रेल मंत्री से निम्नलिखित 3 विषयो पर जानकारी प्रदान करने को ले कर प्रश्न किया - (1) 2014 से आज तक देश में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ बस्तर संभाग में वर्ष - वार कितनी रेल पटेरिया बिछाई गई और रेलगाड़िया शुरू की गई (2) 2014 से आज तक देश भर में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के लिए कितनी नई रेल परियोजनाएं प्रस्तावित है। (3) कुल परियोजनाओं में से स्वीकृत परियोजनाओ की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कितना बजट आवंटित किया गया है।

इन विषयों पर केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर प्रेषित किया है। पिछले 10 वर्षो के दौरान देशभर में लगभग 2.32 लाख करोड़ रुपए की लागत की 19,748 कि.मी. कल लंबाई वाली 309 परियोजनाएं (नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ में पूणतः /अंशतः पड़ने वाली 10,182 करोड़ रुपए की लागत की 1,225 कि.मी. कूल लंबाई वाली परियोजनाएं (नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण) शामिल हैं। बस्तर जिले से गुजरने वाली दल्लीराझरा -रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (235 कि.मी.) को दो चरणों दल्लीराझरारावघाट (95 कि.मी.) और रावघाट-जगदलपुर (140 कि.मी.) में शुरू किया गया है। चरण-। अर्थात् दल्लीराझरा - रावघाट में 77 कि.मी. (दल्लीराझरा-ताड़ोकी) को कमीशन कर दिया गया है और इस परियोजना पर 31.03.2024 तक 1,028 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। चरण ॥ अर्थात रावघाट-जगदलपुर (140 कि.मी.) की विस्तृत परियोजना रपट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है जिसकी लागत 3,513.11 करोड़ रुपए है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के बस्तर मंडल में पूर्णतः-/अंशतः रूप से पड़ने वाली निम्नलिखित नई रेल लाइन परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं- धमतरी-बांसकोट-कॉडागांव (183 कि.मी.), गढ़चिरौली-बीजापुर-बचेली (490 कि.मी.) और कोठागुड़ेम-किरंदुल (180 कि. मी. ) चूंकि रेल नेटवर्क राज्य और जिले की सीमाओं के आर -पार फैला होता है, इसलिए गाड़ियों को ऐसी सीमाओं के आर-पार नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार चलाया जाता है। वर्ष 2014- 2015 से 2023-24 की अवधि के दौरान देश में 1931 गाड़ी सेवाएं आरंभ की गई हैं।

## समाचार संक्षेप

### अवैध धान निगरानी के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में



**सुकमा, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत राज्य के सभी जिलों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने जिले में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। धान खरीदी केंद्रों में बिचौलियों की निगरानी और निरंतर जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके लिए अलग अलग विभाग के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। जिसके तहत जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट पर अधिकारियों के द्वारा धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को अवैध धान परिवहन की सूचना मिलते ही 26 नवंबर 2024 की रात्रि में कोंटा मंडी के अधिकारी कर्मचारी द्वारा उड़ीसा प्रांत से छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से परिवहन करते दो पिकअप वाहन को जब्त किया गया। एक पिकअप में 55 बोरी एवं दूसरे पिकअप में 82 बोरी धान जिसका कुल वजन 67.50 क्विंटल मंडी अधिनियम के तहत जप्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। जब्त वाहन और धान को सुकमा थाना के सुपुर्द किया गया।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्टा में प्रशिक्षणार्थियों को बटेंगे राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र

**सुकमा,28 नवंबर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्टा सुकमा में प्रशिक्षण सत्र अगस्त 2017 जुलाई 2018 से अगस्त 2022 जुलाई 2023 तक सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों के लिए खुशखबरी हैं। उनके राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र (एसटीसी) तैयार हो चुके हैं और जल्द ही वितरण किया जायेगा। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर द्वारा राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुके हैं। यह प्रमाण पत्र उन प्रशिक्षणार्थियों को दिये जाएंगे जिन्होने व्यवसाय-विद्युतकार, फिटर, डीजल मैकेनिक और वेल्डर में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। राज्य व्यवसाय प्रमाण पत्र 01 दिसंबर 2024 से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्टा सुकमा के कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।



**सुकमा, 28 नवंबर।** माओवाद प्रभावित क्षेत्र से प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित श्री सोढ़ी देवा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण और सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोढ़ी देवा को प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एडिशनल एसपी श्री अभिषेक वर्मा भी उपस्थित थे।



**सुकमा 28 नवंबर।** भारतीय संविधान दिवस के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री धनीराम बारसे जी संगठन का महापर्व चलते अपने गृह क्षेत्र बुड़दी बूथ क्रमांक 159 में पहुंच कर संविधान दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री आवास, धान खरीदी केंद्र, महतारी वंदन योजना एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में चर्चा की प्रमुख रूप से साथ रहे मंडल अध्यक्ष श्री डमरू राम नाग, पूर्व सरपंच श्री हिड़मा मुसाकी, लच्छुराम माडकमी, बुधराम बघेल, भाजपा कार्यकर्ता केन्नी राम बघेल, मासा राम, वागा राम, शंकर, गंगा सहित ग्रामीण जन थें,

## एक नजर

### नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने किया रक्तदान



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर डिवीजन जेएनवी एल्युमिनी एसोसिएशन (बडजा) के तत्वाधान में बीजापुर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान किया। ज्ञात हो कि बड़जा, बस्तर संभाग के सातों जिलों के नवोदय विद्यालयों से निकले छात्रों का पंजीकृत संगठन है। जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता निभाना है। गत माह कन्या रेसीडेंशियल स्कूल नैमेड में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर लगभग 84 बच्चों को चश्मा वितरण किया गया था। इसी तारतम्य में सामाजिक सहभागिता निभाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एक महिला रक्तवीर सहित कुल 18 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्त वीरों को सिविल सर्जन श्रीमती डॉ रत्ना ठाकुर, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर श्री अरुण सर एवं आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण कंवर के कर कमलो से फूल माला पहनाकर, सर्टिफिकेट वितरण कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय प्रबंधन का विशेष सहयोग के साथ साथ जलपान एवं रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई थी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने विशेष रूप से बड़जा उपाध्यक्ष अंकित गांधरला, जिला संयोजक सदाशिव दुर्गम, अमित गांधरला, देव प्रकाश चापड़ी, डालेंद्र देवांगन, भरत दुब्बा, अनूप निषाद, मोहन झाड़ी, बीरेंद्र कुवारिया, रीना साहू, मोहन कुमार, सुभाष, शांतिलाल, गुप्ता जी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना का लाभ लेने की अपील की



**बीजापुर 28 नवंबर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को देश के 70 एवं 70 से अधिक आयु वर्ग के समस्त वरिष्ठ नागरिको को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 5 लाख रुपए तक मुफ्त उपचार लाभ दिये जाने के उद्देश्य से आयुष्मान वय वन्दना कार्ड के माध्यम से योजना का शुभारम्भ किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी ने बताया कि योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (आधार कार्ड के अनुसार, जिनके उम्र 70 या 70 से अधिक हो) को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन का लाभ दिया जाना है। बीजापुर जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको (70 व 70+ आयु वाले) को अपने नजदिकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,जिला अस्पताल एवं चिन्हांकित च्वाइस सेंटर में आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर सहित स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराना होगा। जिसमे सभी वरिष्ठ नागरिको को संयुक्त रुप से अतिरिक्त 5 लाख रुपए का टॉप-अप योजनांतर्गत प्राप्त होगा, जो कि परिवार के अन्य सदस्यो द्वारा योजनांतर्गत उनकी पात्रता के अनुसार प्रस्तावित बीमा कवर का आंशिक या पूर्ण उपयोग कर लेने के बाद भी वरिष्ठ नागरिको को प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिको को शीघ्र अतिशीघ्र अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या च्वाइस सेंटर मे उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है। इसके लिए अनिवार्य दस्तावेज - केवल आधार कार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नंबर लाना होगा।

### जिला भाजपा ने संविधान दिवस मनाया

**महासमुंद।** संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला भाजपा द्वारा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, कार्यक्रम के मुख्यवक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी अधिवक्ता प्रलय थिटे की उपस्थिति में हुआ।जिला भाजपा द्वारा आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के पूर्व मंचस्थ अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तरसिह नायक, जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, नरेश अग्रवाल, शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने अपने उदबोधन में कहा कि भारतीय संविधान भारत आत्मा है और इसमे हम सबकी जान बसती है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बाबा साहब अंबेडकर के राजनैतिक विचारधारा का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जब मुंबई से चुनाव लड़े, तब कांग्रेस पार्टी ने उनके खिलाफ प्रचार कर अपना प्रत्यासी भी उतारा था। मुख्य वक्ता प्रलय थिटे ने भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रहित में उनके दिए गए योगदान को नमन करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत 2015 से प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई है, जो बाबा साहब अंबेडकर के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

उन्होंने अंबेडकर के बेबाक बयान और दबंग कार्यशैली का उल्लेख करते हुए कहा कि अपनी वाकपटुता और स्पष्टवादिता के लिए मशहूर ऐसे भारत के अनमोल रत्न भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान के अनुरूप हम सबकी जीवनशैली हो, हम सभी देश और जनहित में संविधान के अनुरूप कार्य करने संकल्पित रहे तभी संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य सफल होगा।

# विधायक ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही किसानों से की मुलाकात



**महासमुंद,28 नवंबर।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बुधवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सिरपुर-मरौद और जलकी के धान खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने धान खरीदी की स्थिति व किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही किसानों के साथ भेंट मुलाकात कर उनसे चर्चा की। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा क्षेत्र के अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को वें सिरपुर-मरौद और जलकी के धान खरीदी केंद्र पहुंचे। सिरपुर-मरौद में धान खरीदी केंद्र में हो रहे निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। किसानों ने भी विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। विधायक ने उनकी बातें सुनी और समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन भी दिया। इस दौरान भाजपा तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, घनश्याम ध्रुव, होरीलाल पटेल, पोखन ढ़ीढी, गोल्डी साहू, बाबूलाल ध्रुव, गोपी ध्रुव, लाला निषाद, दुलरवा धीवर, दिलीप ध्रुव, सुखी हिरवानी, डॉ सोहन साहू, चैतराम ध्रुव, भगत ध्रुव, दऊवा निषाद, मनोहर ध्रुव, तुलसी कोसले, लक्की टावरी सहित किसान उपस्थित थें।

# कसडोल के एक मकान में रखा हुआ 688 बोरी अवैध धान जब्त



रायगढ़, 28 नवम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्यवाही जारी है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण के दौरान जिले में अब तक 25 प्रकरण में 1736.40 क्विंटल धान जप्त करते हुए मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।इसी कड़ी में आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा तहसील तमनार के ग्राम कसडोल में युधिष्ठिर साहू के मकान सह दुकान से 688 बोरी मोटा पुराना धान वजन 267.20 क्विंटल जब्त किया गया। जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार तमनार, मंडी उप निरीक्षक, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक तमनार के द्वारा संयुक्त रूप से मंडी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। गौरतलब है कि 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक रोकने सीमावर्ती इलाकों में 14 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए निगरानी दल तैनात है। जिले में संयुक्त दल द्वारा अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुसौर के छिछोरउमरिया में अवैध रूप से 127 बोरी 50.80 क्विंटल धान भण्डारित पाया गया। इसी तरह रायगढ़ के इंदिरा विहार रोड में अवैध रूप से 288 बोरी 115.20 क्विंटल, रायगढ़ के ग्राम-तिलगा में 40 बोरी 16 क्विंटल, लैलूंगा के झगरपुर में 180 बोरी 72 क्विंटल एवं 100 बोरी 40 क्विंटल, लैलूंगा के रतनपुर में 150 बोरी 60 क्विंटल, लैलूंगा के अटल चौक मुड़ापारा में 20 बोरी 8 क्विंटल धान, लैलूंगा के लमडांड में 150 बोरी 60 क्विंटल एवं 36 बोरी 14.40 क्विंटल, लैलूंगा रोड घरघोड़ा में 150 बोरी 60 क्विंटल, खरसिया के जोबी में 40 बोरी 16 क्विंटल, खरसिया के ऐडुपुल चौक देहजरी में 25 बोरी 10 क्विंटल, खरसिया के डोमनारा में 200 बोरी 80 क्विंटल, खरसिया के कुर्रूभांठा में 50 बोरी 20 क्विंटल, घरघोड़ा के कुडुमकेला में 275 बोरी 110 क्विंटल, घरघोड़ा के फगुरम में 40 बोरी 16 क्विंटल, तमनार के पडिग़ांव में 296 बोरी 118.40 क्विंटल, तमनार के धौराभांठा में 430 बोरी 172 क्विंटल एवं 150 बोरी 60 क्विंटल, धरमजयगढ़ के विजयनगर में 155 बोरी 62 क्विंटल, धरमजयगढ़ के कापू में 62 बोरी 24.80 क्विंटल एवं 452 बोरी 180.80 क्विंटल, धरमजयगढ़ के खम्हार में 125 बोरी 50 क्विंटल तथा ग्राम-पलगड़ा चौक में सक्ती से आ रहे 132 बोरी 52.80 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की गई है।

### जिला चिकित्सालय एवं मातृ शिशु अस्पताल का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** जिला चिकित्सालय एवं मातृ-शिशु अस्पताल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा आज निरीक्षण किया गया तथा संस्थागत प्रसव कराने एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देते हुए सभी प्रसव संस्था में कराने हेतु कहा गया। प्रसव की अंतिम तिथि के लाइनलिस्टिंग कर 15 दिन पूर्व संबंधित क्षेत्र के महिला सुपरवाईजर, आर.एच.ओ.मितानिन विजिट के दौरान काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए गए। ए.एन.एम द्वारा गृह भेंट के दौरान उसकी गहनता को बताते हुए मरीज को आयरन, गोली, कैल्शियम दवा का सेवन करने हेतु समझाईश दिया गया। चिकित्सालय के आईपीडी, ओ.पी.डी, स्टोर शाखा, ओ.आर.एस कार्नर, दवाईयों के स्टॉक का निरीक्षण किया। 24×7 सेवाएं अधिकारी/कर्मचारी गुणवत्तापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एनीमिक महिलाओं को एनीमिया से बचाव व खान पान पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। हाई रिस्क गर्भवती महिला वार्ड, ओपीडी का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों /कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# धान खरीदी में अनियमितता नहीं की जाएगी बर्दाश्त:योगेश्वर सिन्हा



महासमुंद, 28 नवंबर। 26 नवम्बर को पिटियाझर सोसायटी में पहुंचकर महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया । किसानों की धान खरीदी के मामले में कांग्रेसीयो द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक अफवाहों की सत्यता जानने पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पिटियाझर सोसायटी में किसानों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के साथ खरीदी की गई धान बोरियों के कट्टा में से बीच बीच से निकलवाकर धान की कई बोरियों की भर्ती की जांच स्वयं विधायक द्वारा किया गया । मौके पर धान की बोरियों में निर्धारित 40 किलो की भर्ती सही पाई गई और किसान भी खरीदी की व्यवस्था से पूरी तरह संतुष्ट नजर आए । धान खरीदी को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि गांव गरीब मजदूर किसानों को समर्पित भाजपा की प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भाजपा की सरकार बनाने में महती भूमिका निभाने वाले किसान साथियों के हितों से कोई भी खिलवाड़ नही होने देगी 7 योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस की पिछली 5 साल की भूपेश बघेल की सरकार में पूरी तरह किसानों से छल और वादाखिलाफी की गई थी जिसके कारण ही कांग्रेसी कुशासन का अंत करने में गरीब मजदूर किसानों ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में अपना भरपूर जनादेश प्रदान किया है 7 सत्ता से बेदखल हुए कांग्रेसियों को अभी भी किसानों का हित और उनकी उन्नति प्रगति का जीवन रास नही आ रहा है और वो बेवजह किसानों की आड़ में सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है 7 भाजपा की सरकार अपने वायदे के अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है जिसे लेकर कांग्रेस नेताओं की तकलीफ बढ़ गयी है । कांग्रेसी नेताओ के द्वारा धान की बोरियों में 1,2 किलो ज्यादा धान भरती का अफवाह फैलाकर सोसाइटीयो में अव्यवस्था फैलाकर किसानों को परेशान करने का दुष्कृत्य कर रही है । योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि भूपेश सरकार में धान खरीदी के समर्थन मूल्य और किसानों के ऋण माफी में कितने झूठ और फरेब किए गए वो किसानों से छुपा हुआ नही है । विधायक राजू सिन्हा ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में धान की खरीदी सुचारू और व्यवस्थित तरीके से हो इसके लिए प्रत्येक सोसायटियों में अध्यक्ष और प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है जिनके सहयोग से किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की कोई भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े । विधायक ने कहा कि वह स्वयं भी धान खरीदी केंद्रों की सतत निगरानी कर रहे है । पिटियाझर सोसायटी सहित सभी खरीदी केंद्रों में उपस्थित कर्मचारीयो को स्पष्ट निर्देशित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि किसानों से धान खरीदी में कोई भी लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नही की जाएगी । विधायक ने किसान साथियों से उनका हालचाल और कुशलक्षेम जानते हुए सभी से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत खरीदी केंद में हो तो वो हमेशा उनके लिए हर समय उनको उपलब्ध रहेंगे । पिटियाझर सोसायटी में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा किये गए निरीक्षण और किसानों से हुई चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ,सोसायटी के अध्यक्ष रमेश साहू ,भाजपा पदाधिकारी प्रकाश शर्मा,नेता प्रतिपक्ष पार्षद मीना वर्मा,,मुन्ना साहू,नंदू जलक्षत्री,अजय चोपड़ा,अभिषेक पाण्डे, आकाश पांडे,सुनीता साहू, सारिका यादव,नईम खान सहित बड़ी संख्या में किसान साथी और सोसायटी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बलरामपुर जिले में हुए तिहरे हत्याकांड को लेकर प्रांत सेन समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला मुख्यमंत्री से



**कुरुद,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल बलरामपुर ज़िलें के दहेजवार (कंचनपुर) में किए गए तिहरे हत्याकांड के दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा एक नाबालिग लड़की की सुरक्षा व उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव,गृह मंत्री विजय शर्मा,और कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम से की मुलाकात की।

मंगलवार को छ ग प्रांत नाई सेन समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीत राम सेन, केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष अविनाश ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष सुश्री मोना सेन ,सचिव भुवन लाल कौशिक , धनुष सेन केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य ,चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सेन के साथ संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा।रायपुर जिला के पदाधिकारी गण के साथ दुर्ग एवं धमतरी जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए। बलरामपुर परिक्षेत्र के थाना कुसमी ग्राम कुम्हारपारा निवासी कौशल्या देवी उम्र 35 वर्ष 17 वर्षीय मुस्कान 05 वर्षीय अबोध बालक मिंटू ठाकुर की विगत माह हुए तीहरे हत्याकांड के विषय में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित दोनों उपमुख्यमंत्री को सेन समाज के प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने एक साथ मिलकर दोषियों को कड़ी सजा एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दिलाने के लिए और इसमें लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी, पुलिस अधीक्षक पर एफआईआर दर्ज कराने और अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग किया।जिस पर सीएम, एवं उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री ने सेन समाज को कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रान्त उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, प्रदेश मीडिया प्रभारी धनसिंह सेन, रायपुर जिला के पदाधिकारी गण श्री नारायण प्रसाद सेन, सुशील कौशिक , तेजराम सेन रायपुर एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष भीखम सेन, डॉ सुमन कौशिक ,क्षमा सेन उपस्थित थे।

### पीएम आवास स्वीकृत ग्रामों का एसडीएम करें निरीक्षण:सीईओ

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने कहा कि पीएम आवास योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी एसडीएम पीएम आवास स्वीकृत ग्रामों का निरीक्षण करें, साथ ही आवास की प्रगति, राशि वितरण की मॉनिटरिंग करें। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने पीएचई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाए जा रहे उच्च स्तरीय जलागार के अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उच्च स्तरीय जलागार निर्माण के कार्यों में प्रगति लाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत सोर्स उपलब्ध एवं अनुपलब्ध होने की स्थिति में लंबित कार्यों की भी जानकारी ली।

### प्रतिबंधित विस्फोटक पदार्थ के साथ 4 माओवादी गिरफ्तार



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना भैरमगढ़ से पुलिस बल पोंदुम की ओर सर्च पर निकली थी । अभियान के दौरान पुलिस पार्टी द्वारा पोदुंम के जंगल से 04 व्यक्तियों को संदिग्ध रूप से लुकते छिपते भागने का प्रयास करते घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़े गये संदग्धिों के पास रखे थैला की तलाशी पर टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, स्वीच, खोदने का सामान बरामद किया गया । पुलिस बल द्वारा मौके पर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया । 1.सुक्कू हपका ऊर्फ पुलाल ऊर्फ पटेल (RPC फुलादी जनताना सरकार अध्यक्ष) पिता लक्खू उम्र 40 वर्ष निवासी हल्लूर थाना मिरतुर 2 मन्नू हपका(मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर) पिता सन्नू उम्र 23 वर्ष निवासी हल्लूर थाना मिरतुर, जिला बीजापुर 3.लच्छु माड़वी (RPC फुलादी मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 सोमडू उम्र 25 वर्ष निवासी हल्लूर थाना मिरतुर जिला बीजापुर 4.कोसल माड़वी ऊर्फ गुलाब (RPC फुलादी जनताना सरकार सदस्य) पिता बुदु माड़वी उम्र 20 वर्ष निवासी हल्लूर जिला बीजापुरपकड़ गये माओवादियों के विरूद्ध थाना भैरमगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है ।

### जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान का हुआ शुभारंभ



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत एवं छत्तीसगढ़ में बाल विवाह के उन्मुलन को प्रोत्साहित करने के लिए सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है। जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि सभी जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय के स्थानीय समितियों, स्कूल, आश्रम, पोर्टाकेबिन के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ता, मितानिन, बीजादूतीर, बाल देखरेख संस्थाएं, सखी वन स्टॉप सेंटर, आजिविका मिशन, स्वसहायता समूह, स्वयं सेवी संगठन सभी को सम्मलित करते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ कराया गया। तथा बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, शारीरिक दुर्बलता, शिक्षा का अभाव, मानसिक विकास में रूकावट, हिंसा व दुर्व्यवहार, समय पूर्व गर्भवास्था, मातृ मृत्यु दर में वृद्धि से अवगत कराया गया है तथा लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट), बाल श्रम अधिनियम, बालकों अनैतिक व्यापार, बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी, स्पॉसरशिप योजना की जानकारी देते हुए जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह कुप्रथा को रोकने में सहयोग प्रदान करने अपील किया है। इस दौरान स्कूल, आश्रमों में बच्चों एवं शिक्षको द्वारा शपथ लिया गया है और कहा गया है कि जबतक वे शिक्षित व आत्मनिर्भर नही बन जाते तब तक विवाह नही करेगें साथ ही अपने आसपास किसी भी लड़के या लड़की का बाल विवाह नही होने देगें। बाल विवाह रोकथाम के लिए स्वयं सेवक बनकर वे समाज व ग्राम पंचायत को पूर्णतः बाल विवाह मुक्त बनायेगें।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत ली शपथ



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालक रेसिडेंशियल स्कूल पोटा केबिन दूगाईगुड़ा विकासखंड उसूर में दिनांक 25 नवंबर को समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया 150 बच्चो ने नशा के दुष्परिणाम के बारे में जाना अधिकांश अपराध का जड़ नशा है ,इससे हम कैसे दूर रह सकते है योग मेडिटेशन के माध्यम से मन को एकाग्र कर पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकते है स्वयं एवं अपने आसपास भी नशा नहीं करने का संकल्प एवं शपथ लिया गया इस अवसर पर कमलेश कुमार पटेल उपसंचालक समाज बीजापुर ,एवं कार्यालयीन स्टॉफ विनय मिश्रा उमा रेड्डी ,विनोद श्रीवास,सुमेश,सुमिता,मनोज मंडावी तथा पोटा केबिन के कर्मचारी स्टॉफ की उपस्थिति रही ।

### कलेक्टर ने किया धनोरा, बोरजे सहित विभिन्न गांवों का आकस्मिक निरीक्षण



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बीजापुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने धनोरा, बोरजे, तोयनार, पापनपाल, मिड़ते, एरमनार, कुएनार, नैमेड़, दुगोली और एजुकेशन सिटी का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बैंक, हॉस्पिटल, लैंप्स, स्कूल और निर्माण कार्यों का गहनता से अवलोकन किया।कलेक्टर श्री मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक और समय सीमा के भीतर पूरा करने, शिक्षा संस्थानों और बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्यों में आवश्यक सुधार करने समझाइस दी।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 2 दिसम्बर को

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 3 दिसम्बर को दिव्यांगजनों की कलात्मक प्रतिभा एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिये प्रेरणात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसके तहत इस वर्ष 02 दिसम्बर को कि.शा. कला एवं विज्ञान महा. रायगढ़ के लाल मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा 03 दिसम्बर को पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम हॉल में दिव्यांगजनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।समाज कल्याण विभाग जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त स्वैच्छिक संस्थाएं उक्त खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### बारनवापारा वनक्षेत्र से रेस्क्यू बाघ को आज वन विभाग ने तमोर पिंगला टायगर रिजर्व में छोड़ा

# तमोर पिंगला टायगर रिजर्व में गूंजेगी रेस्क्यू किए गए बाघ की दहाड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 28 नवंबर।** कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर से रेस्क्यू किए गए नर बाघ की दहाड़ अब गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व में गूंजेगी। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू बाघ किए गए इस बाघ को आज सुरक्षित तरीके से गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में छोड़ दिया गया। गुरू घासीदास तमोर पिंगला छत्तीसगढ़ का नया टायगर रिजर्व है।

उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार वनमंडल के कसडोल तहसील में बीते 8 माह से बारनवापारा वन क्षेत्र में विचरण कर रहे एक नर बाघ के कसडोल तहसील के ग्राम कोट पहुंच जाने की सूचना वन विभाग को मिली थी। वन विभाग का अमला आवश्यक रेस्क्यू सामग्री तथा वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारियों सहित मौके पर तत्काल पहुंचकर कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर से उक्त बाघ को रेस्क्यू किया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के निर्देश पर उक्त नर बाघ को आज प्रातः 8 बजे नवगठित गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर, वन संरक्षक (वन्यप्राणी) क्षेत्र संचालक, एलीफेंट रिजर्व सरगुजा, संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर, उप निदेशक एलीफेंट रिजर्व सरगुजा, कानन पेंडारी-जू के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के चंदन, गुरु घासीदास तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत पाण्डेय, सहायक संचालक गुरु घासीदास



राष्ट्रीय उद्यान बैकुण्ठपुर, अधीक्षक तमोर पिंगला अभ्यारण्य, अधीक्षक सेमरसोत अभ्यारण्य, क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू किए गए बाघ को आज सुरक्षित तरीके से गुरूघासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ही भारत सरकार की ओर से 'गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टायगर रिजर्व' के रूप में एक नया टायगर रिजर्व घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि टायगर रिजर्व देश का 56वां टायगर रिजर्व है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की सलाह पर छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को अधिसूचित किया। कुल 2829.38 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस बाघ अभयारण्य में 2049.2 वर्ग किलोमीटर का कोर/ क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट शामिल है, जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। आंध्र प्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम टाइगर रिजर्व और असम के मानस टाइगर रिजर्व के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

### विशेषज्ञों की देखरेख में चलाया गया था बाघ के बचाव का अभियान

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के कसडोल तहसील अंतर्गत पिछले 8 माह से विचरण कर रहे बाघ को ग्राम कोट में बाघ के विचरण होने की सूचना प्राप्त हुई.सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग एवं वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी कानन पेण्डारी चिड़ियाघर बिलासपुर डॉ.पी.के.चंदन वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी नंदन वन जू एवं जंगल सफारी नवा रायपुर डॉ. राकेश वर्मा तथा डॉ रश्मिलता राकेश पशु चिकित्सा अधिकारी कसडोल के टीम द्वारा तत्काल ग्राम कोट पहुंच कर ग्रामीण धीराजी पिता रविशंकर के बाड़ी में रखे पैरा के ढेर में छुपे बाघ को ट्रैक्यूलाईज करने की प्रयास किया गया। जिसमें बाघ ग्राम कोट से निकल कर कसडोल के पेट्रोल पम्प के पीछे की तरफ आ गये। डॉ.पी.के. चंदन वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी कानन पेण्डारी चिड़ियाघर बिलासपुर द्वारा दुबारा प्रयास किया गया और बाघ को ट्रैक्यूलाईज करने में सफल हुए तथा परीक्षण हेतु तत्काल रक्त का नमुना एवं बाघ के मॉनिटरिंग हेतु रेडियो कॉलर लगाकर बाघ को रिवाइवल किया गया। इस अभियान के दौरान बाघ को किसी भी प्रकार की शारीरिक चोट नहीं पहुँची।

पशु चिकित्सक अनुसार बाघ स्वस्थ अवस्था में चिकित्सकों की निगरानी में है। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रायपुर व्ही श्रीनिवास राव प्रधान, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.)श्री प्रेम कुमार, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर राजु अगसिमनी, मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा.)एवं क्षेत्र संचालक उदन्ती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर श्रीमति सतोविशा समाजदार, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, आनंद कुदरया अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य तथा वन मण्डल बलौदाबाजार के समस्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।



## एक नजर

### नपा अध्यक्ष ने अचानक भंग की प्रेसिडेंट इन काउंसिल कमेटी

**भाटापारा, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका परिषद भाटापारा की



अध्यक्ष सुनीता गुप्ता ने अचानक ही सोमवार को अपनी प्रेसिडेंट इन काउंसिल कमेटी को भंग कर दिया है। कमेटी के भंग होते ही कांग्रेस की राजनीति में हलचल मच गई है। और जो पार्षद प्रेसिडेंट इन काउंसिल के सदस्य थे उनके बीच भी काना फूसी शुरू हो गई है। इस मामले में सुनीता गुप्ता ने कहा कि उन्होंने संविधान में उन्हें प्राप्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रेसिडेंट इन काउंसिल समिति को भंग कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष महोदया ने अपनी प्रेसिडेंट इन काउंसिल को भंग करने के संदर्भ में पत्र सोपा है इसलिए लिहाज से समिति भंग हो गई है। इस समिति में नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह सलूजा के अतिरिक्त श्वेता आलोक मिश्रा, सुशील सबलानी, सीरीज जांगडे, रोहित साहू, भूलू राम कुर्रे, दीपक निर्मलकर, शामिल थे। सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार सुनीता गुप्ता कुछ सदस्यों की गतिविधियों से काफी नाराज चल रही थी।

### कुलेश्वर चंद्राकर ने प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**भखारा, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति बगौद पंजीयन क्रमांक -272 में बुधवार को कुलेश्वर चंद्राकर ने प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सभी ऑफिस स्टाफएवं कृषकों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया और कहा कि हम किसानों के साथ मिलजुल कर रहेंगे किसी किसान को अगर धान बिक्री में परेशानी हो तो हमसे संपर्क कर सकते हैं हम सब मिलकर उसका निराकरण करेंगे। इस अवसर पर निर्मल चंद्राकर, आदर्श चंद्राकर, मीनाक्षी साहू, लोकेश्वर सिन्हा, घनश्याम चंद्राकर, टिकेश्वर साहू, प्रभात बैस, रुमान सिंह कुर्रे, जितेंद्र पाल, तरुण साहू, गोवर्धन साहू, शिवानंद सेन, बिरेंद्र साहू, हीरा राम आदि उपस्थित थे।

### अतिथि व्याख्याता के लिए 6 तक आवेदन

**भखारा, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय दाउ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिथि व्याख्याता हिन्दी पद के लिए आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ 6 दिसम्बर 2024 कार्यालयीन समय 5 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते कार्यालय से पावती प्राप्त कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

# तेज रफ्तार ट्रक पिकअप को ठोकते हुए पुल के नीचे गिरा, बड़ा हादसा टला

### छुरा-गरियाबंद मार्ग पर खरखरा पुल के पास हादसा, शराब के नशे में वाहन चला रहा था ड्राइवर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 28 नवंबर।** छुरा गरियाबंद मार्ग पर खरखरा पुल के पास मंगलवार रात 8 बजे एस के ब्रदर्स की तेज रफ्तार ट्रक छुरा से गरियाबंद जा रही थी खरखरा नर्सरी के पास ट्रक ने पहले गरियाबंद तरफ से पी एच ई विभाग के नलजल योजना का सामान लेकर चुरकीदादर जा रही टाटा मैजिक को टक्कर मारी टक्कर मारने के बाद ट्रक ड्राइवर बिना रुके ट्रक को और तेज रफ्तार से भगाने लगा खरखरा मोड़ पर ट्रक बेकाबू हो गया और पुल पर बने डीवायडर को तोड़ते हुए 20 फिट गहरे पुल के निचे जा गिरा, घटना मे टाटा मैजिक के ड्राइवर रामेश्वर जांगड़े रामनगर गुड़ियारी रायपुर निवासी को हल्की चोटे आई है वही ट्रक ड्राइवर फागुराम मरकाम के बांया हाथ और कमर मे चोट आई है ट्रक ड्राइवर के साथ दुर्घटना के समय



उसका 12 वर्षीय बच्चा भी था जिसे कमर मे हल्की चोट आई है प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक ड्राइवर शराब के नशे मे धुत था और काफी तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था टाटा मैजिक को टक्कर मारने के पहले ट्रक ड्राइवर ने दुपहिया वाहन चालको को भी कट मारा लेकिन दुपहिया वाहन चालकों ने ट्रक कि रफ्तार को देखते हुए अपनी दुपहिया वाहन को सड़क के साइड मे उतारना ही समझदारी समझा, घटना के बाद वाहन मालिक द्वारा ट्रक ड्राइवर को रिफर कराकर अपने साथ ले गया, घटना पर टाटा मैजिक चालक के तरफ से छुरा थाने मे रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है

**सरकार द्वारा दुर्घटना रोकने शराब पीकर वाहन चलाने पर सजा का प्रावधान:** शराब पीकर गाड़ी चलाने की सज़ा वर्तमान में, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के अनुसार भारत में नशे में वाहन चलाना एक आपराधिक अपराध है। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, नशे में धुत व्यक्ति या नशे में धुत व्यक्ति द्वारा वाहन चलाना पहली बार में छह महीने तक की कैद और/या दो हजार रुपये तक के जुर्माने से दंडनीय है

### सतनामी समाज का सम्मान समारोह 30 नवम्बर को

#### खुशवंत साहेब के हाथों समाज के युवा होंगे सम्मानित

**भखारा, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के द्वारा लगातार धमतरी जिले में सतनामी समाज को एकजुट करने का प्रयास कर रहे है।



सामाजिक गतिविधियों के जरिए पूरा समाज को जोड़ने का काम जिले में हो रहा है।सतनाम रावटी, प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, समारोह, नशामुक्ति अभियान जैसे सफल गतिविधियां संचालित किया जा रहा है। इसी तरह एक बार फिर से धमतरी जिले में गुरु खुशवंत साहेब व रामू रोहारा के आतिथ्य में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन 30 नवंबर को होना है।जिसके लिए जिला सतनामी समाज के कार्यकारिणी सभी ब्लॉकों में बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे है। चर्चा के दौरान जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि सम्मान समारोह के अतिथि के रूप में सतनामी समाज के गुरु व युवा विधायक गुरु खुशवंत साहेब व धमतरी भाजपा नेता रामू रोहरा के हाथों सतनामी समाज को गौरवान्वित करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, नवीन शासकीय सेवक, युवाओं, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता, चित्रकार सहित विभिन्न विधाओं में भाग लेकर समाज को गौरान्वित किया है।ऐसे समाजजन व युवाओं को जिला सतनामी समाज के द्वारा विशेष सम्मान किया जाना है।जिसके लिए भखारा, कुरूद, मगरलोड, धमतरी में बैठक कर सम्मान के लिए युवाओं का नाम ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। ब्लॉक अध्यक्षों के द्वारा प्रेषित सूची के आधार पर कार्यक्रम में युवाओं को सम्मान दिया जाएगा।

## बहन, भांजे ने दलाल से मिलीभगत कर बेच दी जमीन, न्याय की तलाश में भटक रहा भाई

■ रजिस्ट्री के दौरान भाइयों को नहीं दी गई सूचना, बिना उपस्थिति और हस्ताक्षर के हो गई रजिस्ट्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 28 नवंबर।** कुरूद क्षेत्र के ग्राम थूहा निवासी दिनेश राव शिंदे ने ज़मीन धोखाधड़ी को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। लिखित शिकायत में दिनेश राव शिंदे का कहना है उनकी बहन और भांजे ने धोखाधड़ी कर ऋष्ठा पुस्तिका क्रमांक 511253, खसरा नंबर 647/1, 680/2, 681/2, रकबा क्रमांक 1.36, 0.02, 0.02 कुल खसरा नंबर 03, कुल रकबा 1.40 हे. राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज चली आ रही है।जो पैतृक संपत्ति में उसके दोनों भाई दिनेश शिंदे और किशोर शिंदे के साथ ही उनकी दो बहनों के नाम पर था। एक बहन की मृत्यु होने पर इसके पुत्र को बंटवारे में जमीन दे दी गई। दोनों भाइयों के नाम पर डेढ़-डेढ़ एकड़ जमीन एवं दोनों बहनों के नाम पर 50 - 50



डिसमिल जमीन दी गई थी। चूंकि रिकॉर्ड सुधार नहीं हुआ था जिसका फायदा उठाकर खाता विभाजन के दौरान दोनों भाइयों को कोई सूचना नही दिया और जिस दिन जमीन बहनों के नाम पर ट्रांसफर हो गया उसके बाद उसी दिन भाइयों को सूचना मिला। 6 मार्च 2023 और 7 मार्च 2023 को थूहा के जमीन दलाल के माध्यम से दूसरे को जमीन बेच दिया गया। इस जमीन के कागजात नाम बदलने में तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी की भूमिका भी रही। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री हो गई यह पता चलने पर कलेक्टर न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई गई। जिसमें नामांतरण पर रोक लगा हुआ है। दिनेश राव शिंदे और किशोर शिंदे का कहना है कि हमें पैतृक जमीन वापस दिलाए जाए साथ ही तहसीलदार, पटवारी और थूहा के एक जमीन दलाल के खिलाफ षडयंत्रपूर्ण तरीके से कागजात तैयार करने के मामले में कार्यवाही की जाए।

## समाचार संक्षेप

### अंवरी विद्यालय में संविधान दिवस पर लिया संकल्प



**भखारा, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में संविधान दिवस मनाया गया संस्था के प्राचार्य पी.एन साहू एवं वरिष्ठ व्याख्याता आई.आर साहू के द्वारा संविधान दिवस पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये उन्होंने बताया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है और उसमें मूल अधिकारों की रक्षा और कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में बताया गया है संविधान की दृष्टि से सभी को समानता का अधिकार है प्रत्येक व्यक्ति संविधान की नियमों का सही तरीके से पालन करें तो भारतीय संविधान विश्व का सबसे सुंदर और बेहतर संविधान साबित होगा किसी के साथ अन्याय नही होगा छात्रों को सामाजिक, न्याय, आर्थिक, राजनीतिक, कानून व संविधान के बारे में अध्यापन कराने वाली विषय की व्याख्याता के.एल घोघरे द्वारा भी संक्षिप्त में उदबोधन किया गया संविधान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दिए व सभी छात्र -छात्राओं व शिक्षकों ने संवैधानिक कानून व नियमों का पालन करने संकल्प भी लिए। संविधान दिवस के इस कार्यक्रम में प्राचार्य पी.एन साहू व्याख्याता आई.आर साहू, के.एल यादव, लाल बहादुर साहू, डी.के साहू, नंदिनी सिन्हा, पी.सिन्हा, के .एल घोगरे, गीता, दामिनी ध्रुव व समस्त स्टाफछात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### शराब तस्करों पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**बलौदाबाजार, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण

■ 200 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब व 2000 किलो महुआ लाहन जब्त

एवं परिवहन पर आबकारी विभाग एवं संभागीय उड़नदस्ता टीम संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में कसडोल क्षेत्र के ग्राम घटमड़वा डेरा में टीम द्वारा मौके पर 2 प्लास्टिक पॉलिथीन में भरी हुई 100-100 जीटर की कुल 200 लीटर हाथबट्ठी महुआ शराब तथा 50 प्लास्टिक की बोरियों में भरी 50-50 किलोग्राम की कुल 2000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। महुआ लाहन को सैपल लेकर नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में अज्ञात आरोपियों के विरूध्द छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च), 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, आरक्षक विजय वर्मा, महेश साहू, जयप्रकाश बांधे, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण चौर्यनयन के विरूद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण किया

# बारदाने की कमी से जूझ रहा किसान, ना पीने का पानी, ना सिर के ऊपर छत

■ किसानों से लिया जा रहा है 300 से 400 ग्राम ज्यादा धानः इंद्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 28 नवंबर।** विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों से सुखत के नाम पर 300 से 400 ग्राम तक अतिरिक्त धान तौला जा रहा है, वही किसान बरदाने के लिए भटकते नजर आए।धान खरीदी केन्द्रों पर पीने के पानी ना कोई व्यवस्था है और ना किसानों के लिए बैठने या सर ढकने के लिए छत है। जिससे किसान वर्ग काफी नाखुश नजर आ रहे है।

किसानों के सुख दुख की सदैव चिंता करने वाले क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के निपनिया, मोपका, धनेली, एवं बिटकुली धान संग्रहण केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगभग सभी संग्रहण केन्द्र में किसानों को किसी भी प्रकार की सुविधा ना देकर अन्नदाता किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। ना तो पेयजल की व्यवस्था है और न किसानों के बैठने की व्यवस्था है। किसानों से सुखत के नाम पर 300 से 400 ग्राम अधिक तौल किए जाने पर विधायक साव ने अपनी नाराजगी जताते हुए सही नाप-तौल करवाने तथा बारदाना की कमी को दूर करने प्रबंधक एवं प्रभारी को



निर्देश दिये हैं।

विधायक इंद्र साव ने बताया कि राज्य सरकार वारदाना की कही कोई कमी नहीं बोल कर किसानों को सिर्फ गुमराह कर रही है आज किसान वारदाना के लिए इधर-उधर भटक रहे है। बाजार से 30 रु. में कटा-फटा बारदाना लेने मजबूर है। सरकार द्वारा एकमुश्त 3100 रू. में धान खरीदी का पोस्टर लगा कर 2300 दिया जा रहा है। अंतर की राशि का भुगतान कब होगा इसकी जानकारी किसानों को देनें के लिए कोई भी अधिकारी जवाबदारी लेने को तैयार नहीं है। क्षेत्र के कई संग्रहण केंद्रों में हमालो की कमी होने के कारण किसान को अपना धान बेचने के लिए हमाली का काम भी करने मजबूर होना पड़ रहा है। शिकायत करने पर किसानों की सहमति की बात कही जा रही है और किसानों से सहमति पत्र में हस्ताक्षर लिया जा रहा है कि हम 200 ग्राम या 300 ग्राम ज्यादा धान देंगे। वही उससे ज्यादा धान तौलने की बात प्रबंधक से पूछने पर हमें ऊपर से आदेश है कहा जा रहा है, ये ऊपर से किसका आदेश है, कोई बताने को तैयार नहीं है, जिससे क्षेत्र के किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है।

उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि जीत्तू ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, राजकुमार घृतलहरे, कामता रावत, निलकुमार वर्मा, योगेश पाल, श्रीराम निषाद, धजाराम साहू गुडाघाट, राजकुमार, धृतलहरे मोपका, भुनेश्वर साहू, खुमेश साहू, बसंत मानिकपुरी खपरी चिरंजीवी वर्मा, कुंदन वर्मा दिलहरण वर्मा, हरबंश डेहरी, घनश्याम डेहरी, बिहारी नेमदास मिरि, प्रदीप कोशले, मालिकराम वर्मा, शत्रुहन ध्रुव, सेन निपानिया चेतन निषाद, छत्रपाल ध्रुव, दुलेश साहू, कोमल साहू पासीद विनोद श्रीवास्तव धनेली सहित किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर एक अपराधी को किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार, 28 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के



आधार पर अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा निवासी अमर यदु उर्फ छोटू पिता मनहरण यदु को जिला बदर किया गया है।

उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

**नाम परिवर्तन**

मैं हिमांशु पिता श्री कृष्णा दास उम्र 19 वर्ष निवासी सत्यम चौक, रूआबांधा बस्ती, भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूँ। पूर्व में मेरा नाम हिमांशु कुमार महिपाल था। मैंने अब अपना नाम बदलकर हिमांशु कर लिया है। अतः आज से भविष्य में मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में हिमांशु के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**हिमांशु पिता श्री कृष्णा दास सत्यम चौक, रूआबांधा बस्ती भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग.**

# यातायात व्यवस्था सुधारने हटाए गए अतिक्रमण



**रायपुर 28 नवंबर।** राजधानी रायपुर की सड़कों पर ट्रैफिक बाधित करने वाले खड़े वाहनों एवं ठेलों पर अब कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है। यह टीम सड़कों के किनारे खड़े वाहनों और अतिक्रमण पर कार्रवाई करेगी। आज से शुरू हुए कार्रवाई में पुलिस ने दो ऑटो को जब्त किया। वहीं नगर निगम की टीम ने 4 ठेलों को अंबेडकर चौक के पास से जब्त किया है। साथ ही अन्य वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। जिन-जिन स्थानों पर अवैध तरीके से पार्किंग होने पर यातायात बाधित हो रहा है, उन स्थानों पर भी कार्रवाई की गई है। आज शारदा चौक स्थित आरडीए के व्यावसायिक परिसर तथा पुष्प बाजार से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाए गए।

सड़कों के किनारे वाहन खड़े होने और अतिक्रमण होने की वजह से सड़कें संकरी हो रही है। इस वजह से सुबह और शाम के समय में शहर में यातायात बाधित हो रहा है। इस यातायात बाधित होने की वजह से जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जहां बड़े-बड़े बेसमेंट में पार्किंग पर अवैध तरीके से गोदाम बनाया गया है, उन पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गोदाम में कचरा फैलाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी संतोष सिंह एवं नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह टीम प्रतिदिन यातायात बाधित होने वाले सड़कों पर पहुंचेगी और कार्रवाई करेगी। आज कार्रवाई के दौरान डीएसपी गुरजीत सिंह एवं नगर निगम की टीम उपस्थित थी।

# महिला हैंडबाल स्पर्धा, गर्ल्स कालेज विजेता

**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री गोकुलदास डागा जी,दानदाता सदस्य, श्री अजय तिवारी जी अध्यक्ष राष्ट्रीय विद्यालय समिति, एवं डॉ अमिताभ बॅनर्जी, प्राचार्य साइंस कॉलेज, के विशिष्ट अतिथि के साथ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता घई ने दीप प्रज्जवलित कर किया। महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयो से आए टीमों ने हिस्सा लिया।



महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजन के सचिव डॉ प्रेम शंकर क्रीडा अधिकारी श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा गर्ल्स कॉलेज ने अवगत कराया। विजेता टीम शासकीय डी बी गर्ल्स कॉलेज,रायपुर और कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय देवेन्द्र नगर, रायपुर उपविजेता टीम रहे।

## करेंसी नोट एवं चिल्हर वितरण

**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि बुधवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2024 को दोपहर 1.00 बजे चेम्बर कार्यालय, चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में आईडीबीआई बैंक पचपेड़ीनाका, रायपुर शाखा के द्वारा चेम्बर से संबद्ध एसोसियेशन- रायपुर प्लायवुड टेड्डर्स एसोसियेशन, रायपुर मशीनरी मर्चेन्ट एसोसियेशन, डुमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ एवं रायपुर स्वीट एंड स्नैक्स एसोसियेशन को 1, 2, 5, 10 एवं 20 के सिक्के तथा 20, 50 एवं 100 रूपये के करेंसी नोट का वितरण किया गया। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव एवं राम मंधान तथा आईडीबीआई बैंक पचपेड़ीनाका, रायपुर शाखा के बैंक अधिकारी श्री रंजन सिंह, श्री मनोज माटी, श्री निलय सिंह एवं मनोज सेठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सरकार के नियंत्रण से बाहर कानून व्यवस्था: दीपक बैज



**रायपुर 28 नवंबर।** प्रदेश में महिलायें असुरक्षित है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में फिर एक बार गैंगरेप हो गया। पिछले तीन दिन से रायपुर में रोज दुराचार की घटना हुई है। मनेन्द्रगढ़ में तीन शिक्षकों, एक वनकर्मी ने नाबालिक छात्रा के साथ गैंगरेप की घिनौनी घटना को अंजाम दिया है। मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में डीएफओ ने महिला रेंजर से दुष्कर्म किया। सरकार के नियंत्रण से कानून व्यवस्था बाहर हो चुकी है। जिस राजधानी में एक साल पहले तक महिलायें रात को 11 बजे भी बेखौफ हो कर अपने घरों से बाजार चली जाती थी, वहीं पर शाम को 6 बजे के बाद आम आदमी घर से निकलने में डरता है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के क्षेत्र में ही बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। मुख्यमंत्री के गृह ब्लाक में नाबालिक स्कूली छात्रा से गैंगरेप हुआ, आरोपी अब तक फरार हैं। कोरबा में स्कूल छात्रा से 5-5 लोगों ने दुष्कर्म किए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेलगाम हो गये है। आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। पुलिस दावा करती है रायपुर में चाकूबाजी की घटनाओं में 40 प्रतिशत कमी हुई है जबकि पुलिस के आंकड़ों में ही धारदार नुकीले हथियार से घायल लोगों की संख्या चाकूबाजी से चार गुना अधिक है। चाकूबाजी घटना को कम दिखाने पुलिस चाकू के बजाय नुकीले धारदार हथियार से हमला लिखती है, दावा करती है चाकूबाजी की घटना कम हो गयी है। रायपुर शहर में नवंबर माह में अभी तक 23 से अधिक हत्याएं हुई है। प्रदेश का हर नागरिक डरा हुआ है। महिलायें असुरक्षित है।

## एक नजर

### दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 28 नवम्बर।** खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हरिजनपारा ग्राम पिरदा निवासी दुष्यंत यादव 23 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 एल 9748 को भनपुरी तिराहा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में धनलक्ष्मी नगर निवासी प्रार्थी मुकेश शर्मा 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलडब्लू 3556 को भनपुरी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 28 नवम्बर।** राजेन्द्र नगर पुलिस ने केनाल रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 किलो 860 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर केनाल रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे दबिश देकर आरोपी मोहम्मद ईदरिस 22 वर्ष व आदिल शेख 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### विभिन्न विभागों के 8900 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में विभिन्न विभागों में 8900 से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है. इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया के जरिए दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किए अपने पोस्ट में बताया कि आज नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, विद्युत निरीक्षक कार्यालय एवं न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में कुल 151 पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी है. इन नई भर्तियों से न केवल विभागों की दक्षता और कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को नई दिशा और गति भी मिलेगी. उन्होंने बताया कि अब तक उनकी सरकार ने 19 विभागों में कुल 8971 पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी है।

### तीन बदमाशों ने किया 45 कट्टा धान पार

**रायपुर, 28 नवम्बर।** दाऊपारा कुरा नवापारा में तीन लोगों ने बाड़ी का दिवाल फांदकर 45 कट्टा धान पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आनंद अग्रवाल 38 वर्ष पुरानी बस्ती नवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने गोबरानवापारा थाना में शिकायत किया कि दाऊपारा कुरा नवापारा में उसका बाड़ी है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26